हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - CTHIN/25/A0716

# मूक पत्रिका

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र आवाज...

वर्ष - 02 अंक - 191 बेमेतरा, मंगलवार 03 मार्च 2026 रायपुर एवं बेमेतरा से प्रकाशित कुल पेज - 08 मूल्य - 5 रूपये डाक पंजीयन- दुर्ग/1743290201/2025-27

## होली सद्भाव, अपनत्व और गिले-शिकवे भुलाने का पर्व : मुख्यमंत्री






**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह 'रंगोत्सव' एवं 'महामूर्ख सम्मेलन 2026' में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी-छोटी अनबन और गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से संबंधों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब में पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। रायपुर प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का कार्य कर रहा है, यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने प्रेस क्लब परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि यह उल्लासपूर्ण पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आए। इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री साय का अनूठे अंदाज में मिर्ची की माला पहनाकर तथा त्रिशूलनुमा पिचकारी भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के होली विशेषांक 'सेंसलेस टाइम्स' का विमोचन भी किया। होली मिलन समारोह में उमंग का तब अनोखा वातावरण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया और पूरे परिसर में आनंद की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकार साथियों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने। कार्यक्रम में संगीत, संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला।

### क्विक न्यूज

### विकसित भारत 2047 के लिए समन्वय के साथ काम करें अधिकारी : राष्ट्रपति मुर्मु



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में आये अधिकारियों को सहयोग के माध्यम से संस्थागत समन्वय को सुदृढ़ करते हुए विकसित भारत 2047 की समग्र दृष्टि के अनुरूप निर्णय लेने चाहिए। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में सोमवार को उनसे मिलने आये राज्य सिविल सेवाओं से भर्ती और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 128वें प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय प्रशासनिक सेवा में आपका प्रवेश आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### दिल्ली के तीन स्कूलों में बम की धमकी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह तीन स्कूलों से बम की धमकी भरे संदेश मिलने के बाद दहशत फैल गई। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें आर्मी पब्लिक स्कूल, मीरा पब्लिक स्कूल और सलमान पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

## अनुमान से अधिक लंबा खिंच सकता है ईरान-अमेरिका युद्ध



**नयी दिल्ली।** इजरायल और अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में शनिवार को ईरान के शीर्ष नेतृत्व के मारे जाने से शुरू हुआ अमेरिका-ईरान युद्ध उम्मीद से कहीं अधिक लंबा खिंच सकता है। कई लोग इसके छोटा और निर्णायक होने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन ईरान पश्चिमी देशों के अनुमानों से कहीं अधिक मजबूती से मुकाबला कर रहा है। अमेरिका और इजरायल ने शनिवार को ईरान में समन्वित हमले कर परमाणु सुविधाओं, सैन्य बुनियादी ढांचों, नौसैनिक अड्डों और वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया था। तुरंत इसका जवाब देते हुए ईरान ने भी खाड़ी में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इसके बाद अमेरिका ने फिर से जवाबी कार्रवाई का संकल्प दोहराया है। सोमवार तक इस संघर्ष को शुरू हुए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन इसकी दिशा पहले से ही एक लंबे और जोखिम भरे युद्ध की ओर इशारा कर रही है। पश्चिमी कमान के पूर्व फ्लैग-ऑफिसर-कमांडिंग वाइस एडमिरल शेखर सिन्हा (सेवानिवृत्त) ने यूनीवार्ता को बताया, ईरानियों का प्रतिरोध का एक लंबा इतिहास रहा है। ईरान के पास मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार है।

## बंगाल में तृणमूल को हटाकर बनानी है भाजपा सरकार : अमित शाह




**मथुरापुर/ कोलकाता।** मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनावी अभियान को तेज करते हुए सोमवार को कहा कि इस बार भाजपा का लक्ष्य मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को हटाकर पार्टी की सरकार बनाना और राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराना है। शाह ने दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में 'परिवर्तन यात्रा' को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल शासन में बंगाल घुसपैठियों का गढ़ बन गया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन का मतलब है बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना, भ्रष्टाचार से मुक्त करना और तृणमूल सरकार को हटाना है। उन्होंने दावा किया कि यदि फिर से तृणमूल सत्ता में आई तो राज्य का संचालन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नहीं, बल्कि उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी करेंगे।

## अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं, लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार : आईएईए

**वियना।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव 'की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगाह किया कि यदि रेडियोधर्मिता रिसाव होता है तो बड़े शहरों को खाली कराने की नौबत आ सकती है। ग्रोसी ने कहा कि एजेंसी ने अपने अधिकार क्षेत्र के अनुरूप संभावित रेडियोधर्मिता रिसाव आपात स्थिति की आशंका को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई की है।

# ईरान के बाद कुवैत का भी दावा

# अमेरिका के कई लड़ाकू विमान क्रैश



**येरूशलम।** ईरान पर किए गए हमले के बाद से पूरा क्षेत्र युद्ध की आग में जल रहा है। ईरान ने इस हमले के बाद इस्राइल, इराक, यूएई समेत कई देशों में मिसाइलें दागी। वहीं इस्राइल और अमेरिकी की ओर से ईरान में अब भी बमबारी जारी है। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई शीर्ष लीडर की मौत हो चुकी है। इस बीच ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि कुवैत में अमेरिकी सेना का एक F-15 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है। इस विमान के क्रैश होने का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें विमान में आसमान में ही आग लगते हुई देखी जा सकती है। स्न-15 फाइटर जेट दुनिया के सबसे घातक और आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक माना जाता है। हालांकि विमान में आग लगते ही पायलट पैरासूट लेकर कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, अभी तक इस खबर की किसी ने पुष्टि नहीं की है। अमेरिका और कुवैत की सेना की ओर भी कोई बयान नहीं आया है। कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस घटना के बाद कई अमेरिकी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। हालांकि कुल संख्या और घटनाओं के विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं।

### ईरान के परमाणु स्थलों में नुकसान नहीं

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफाएल ग्रोसी ने बताया कि इस्राइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बावजूद, एजेंसी के पास कोई संकेत नहीं है कि ईरान के परमाणु स्थलों को नुकसान हुआ है। ग्रोसी ने 35 देशों के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को बताया हमें कोई जानकारी नहीं है कि किसी भी परमाणु स्थापना को हानि या हमला हुआ हो। उन्होंने यह भी कहा कि ईरानी परमाणु नियामक अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास जारी है, लेकिन अब तक कोई उत्तर नहीं मिला है। इस्राइल के सेना प्रवक्ता एफी डेफरिन ने कहा है कि इस्राइल ने देश की उत्तर सीमा पर लगभग 1 लाख रिजर्व सैनिक तैनात किए हैं। इन सैनिकों में दर्जनों बटालियन शामिल हैं, जो रक्षा और आक्रमण दोनों की सभी संभावनाओं के लिए तैयार हैं। डेफरिन ने बताया सभी विकल्प टेबल पर हैं।



## भारत-कनाडा का 50 अरब डालर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य, आर्थिक, रक्षा क्षेत्र में भी बढ़ेगा सहयोग : पीएम मोदी



**नयी दिल्ली।** भारत और कनाडा ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाने तथा रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए भारत-कनाडा रक्षा संवाद शुरू करने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने आर्थिक क्षेत्र में सहयोग को पुख्ता करने पर भी सहमति व्यक्त की है। उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कूटनीति और बातचीत से मुद्दों के समाधान पर जोर दिया है।

दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ को मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौती माना है। मोदी ने भारत की चार दिन की यात्रा पर आये कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुकत वक्तव्य में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि कनाडा और भारत का लोकतान्त्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास है और दोनों देश विविधता को पूरी तरह मान्यता देते हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की भलाई हमारा साझा विजन है जो हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने इस साझा विजन को आगे बढ़ाने और अपनी साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने आर्थिक संभावनाओं को पूरा फायदा उठाने के लिए व्यापक आर्थिक सहयोग साझेदारी को जल्द ही अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया है। मोदी ने कहा कि कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश किया है जिससे भारत की विकास यात्रा में उनके गहरे विश्वास का पता चलता है।

### प्रधानमंत्री ने नेतन्याहू से बात की ताजा घटनाक्रम पर चिंता जताई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए युद्ध को जल्द खत्म किए जाने की जरूरत पर बल दिया है। मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री के साथ रविवार रात हुई बातचीत के दौरान कहा कि आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद मोदी ने पहली बार नेतन्याहू से बात की है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इलाके के मौजूदा हालात पर बात करने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फ़ोन पर बात हुई। हाल के घटनाक्रम पर भारत की चिंताएं बताईं और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। भारत ने लड़ाई जल्द खत्म करने की ज़रूरत दोहराई। उल्लेखनीय है कि अमेरिका , इजरायल और ईरान के बीच इस टकराव के कारण पश्चिम एशिया में हालत चिंताजनक बने हुए हैं।

### छत्तीसगढ़ के इन गांवों में होली की अनोखी परंपरा

## 100 साल से नहीं हुआ होलिका दहन, क्या है वजह




**कोरबा।** यह परंपरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्वजों की विशेष मान्यता और आस्था के कारण ऐसा होता है। गांव में लोग शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना कर पर्व मनाते हैं। हालांकि, अग्नि प्रज्वलन की परंपरा का पालन नहीं किया जाता।

धमनागुड़ी निवासी गनपत सिंह कंवर ने बताया कि लगभग सौ वर्षों से होली नहीं मनाई जाती है। खरहरी के आसपास के आश्रित गांवों में बुजुर्ग और बैगा देव स्थल में पूजा करते हैं। वे रंग गुलाल चढ़ाते हैं और टीका लगाते हैं। इन गांवों में आज भी होलिका दहन और रंग गुलाल नहीं खेला जाता। आज तक होली के कारण कोई विवाद या मारपीट की स्थिति नहीं बनी है।

### अनहोनी की आशंका

खरहरी गांव निवासी तामेश्वर सिंह पैकरा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से होली नहीं मनाई जाती। नौ साल पहले एक परिवार ने होली मनाने की कोशिश की थी। रंग गुलाल लगाने के कुछ समय बाद उनके घर में आग लग गई। इस घटना के बाद से गांव में होली नहीं खेली जाती है। गांव वालों का मानना है कि होली खेलने से अनहोनी की आशंका बनी रहती है। यदि कोई व्यक्ति गांव से बाहर दूसरी जगह होली खेलकर आता है। उसे गांव में प्रवेश करने से पहले रंग गुलाल धोना पड़ता है। इसके बाद ही वह गांव में प्रवेश कर सकता है। यह नियम आज भी सख्ती से लागू है। गांव में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए यह परंपरा कायम है।



## मुर्मु ने दिल्ली की महिलाओं के लिए चार कल्याणकारी योजना शुरू की



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली की महिलाओं के लिए चार कल्याणकारी पहल शुरू की जिनमें दिल्ली लखपति बिटिया योजना, होली और दिवाली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये से ज़्यादा का सीधा बैंक ट्रांसफर शामिल है। राष्ट्रपति ने यहां सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली नाम के एक विशेष कार्यक्रम में इन योजनाओं की शुरुआत की है।

केंद्र सरकार की वन नेशन, वन कार्ड से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत की गयी है। पिंक कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा। इसके साथ ही मेट्रो, रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सशुल्क सुविधा देगा। यह पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं के दैनिक यात्रा खर्च में कमी आएगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य तथा सामाजिक अवसरों तक सुगम पहुंच मिलेगी। पिंक कार्ड यह एक टच-फ्री और सुरक्षित स्मार्ट कार्ड होगा। इससे हर यात्रा का सही डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा। नकद लेन-देन कम होगा और आय का हिसाब-किताब अधिक साफ और पारदर्शी रहेगा। यात्रा के आंकड़ों की मदद से बस रूट तय करने, बसों की संख्या सही करने और बेहतर फैसले लेने में आसानी होगी। यही कार्ड पिंक पेपर टिकट की जगह लेगा, जिससे पूरी व्यवस्था ज्यादा आसान और आधुनिक बन जाएगी।

गुप्ता ने बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी।

इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में दिल्ली लखपति बिटिया योजना के रूप में पुनर्गठित किया गया है।

# धनोरा विजेता और कोंडागांव उप विजेता बने



**केशकाल/मूक पत्रिका**

अध्यापक एसोसियेशन द्वारा आयोजित किक्रेट मैच का आयोजन कोहकामेटा व सुरडोंगर स्टेडियम मे किया गया.. जहाँ आयोजित 7 मैचो के मुकाबले बड़े हीं रोमाचकारी रहे.. पहला मुकाबला केशकाल विरुद्ध कानागाँव हुआ. जहाँ कानागाँव के 69 रनो के जवाब मे एक विकेट खोकर 9 विकेट सें केशकाल ने यह मैच शानदार जीत लिया.. जिस मैच के मेन आफदी मैच --वीरेंद्र धूव् - 50 रन बना कर रहे.. दूसरे मैच धनोरा विरुद्ध बड़े राजपुर के मैच मे धनोरा सेमीफइनल मे प्रवेश कर...रूपधर तामो के 19 रनो के बदौलत पहुँचे... तीसरे मैच मे केशकाल विरुद धनोरा विजयी हुई.. दूसरे दिवस मर्दापाल विरुद्ध फरस गांव के मैच मे मेहुल 41रन बनाकर आफ दी मैच रहे..अगले मैच फरसगाँव विरुद्ध कोंडागांव के मुकाबले मे नितेश मैन आफदी मैच रहे.. फइनल मुकाबला धनोरा विरुद्ध कोंडागांव के बीच हुआ... रुपधर तामो ने 27 रन बना कर मात्र 65 रनो का टारगेट दिया... जिसे कोंडागांव की टीम पूरा नहीं कर पायी और धनोरा ने फइनल मैच जीत लिया... फइनल मैच की ट्राफी --श्रीमती रंगीला भेड़िया सरपंच कोहकामेटा. उप विजेता - सोनू कश्यप उप सरपंच, स्मृति चिन्ह बलराम नाग बी.आर. सी.,उप विजेता --स्व गौरी शंकर श्रीवास्तव की स्मृति सुपुत्र विवेक श्रीवास्तव ने दिया.. सभी मैचो के मेन आफदी मैच को समिति द्वारा दिया गया.. बेस्ट बैट्स मेन केशकाल के वीरेंद्र धुर्वे-51रन को.धनोरा के गजेंद्र कावडे को 8विकेट लेने पर बेस्ट बालर का खिताब स्व प्रभाकर राव गायकवाड़ की स्मृति मे लोकेश गायकवाड़ द्वारा दोनो पुरस्कार और मेन आफ दी सीरीज --रुपधर तामो को 88 सर्वाधिक रन बनाने पर दीपेश सेठिया सहा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया... समापन समारोह के मुख्य अतिथि --सोनू कश्यप उप सरपंच कोहका मेटा व अध्यक्षता घनश्याम सिंह नाग ने की.. उन्होंने अपने उदबोधन मे शिक्षको मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करना है.. विशेष अतिथि - -साहित्य परिषद के अध्यक्ष - हरेंद्र यादव ने शिक्षको के लिए शासन सें आयोजन मे सहयोग करने की अपील की.. तथा अध्यापक एसोसियेशन के प्रति आभार व्यक्त किया... मुख्य अतिथि सोनू कश्यप उप सरपंच ने इस आयोजन को अनोखा बताया.. और कहा कि जीवन भर विद्यालय के बच्चों को खेल खिलाने वाले आज शिक्षक स्वयं खेल खेले बहुत अच्छा लगा.. नंदलाल लाड़िया उप सरपंच गौरगांव. केदार जैन प्रान्त अध्यक्ष सयुंक्त शिक्षक संघ, चमन वर्मा जिलाध्यक्ष कोंडागांव,कैलाश रावटे बहिगाँव,चिराग उपाध्याय, विपिन लकड़ा, राजा व साहित्य परिषद के उमेश मंडावी, बृजेश तिवारी, तौफीक आलम आदि की उपस्थिति रही..... इसके पूर्व प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन --सतेन्द्र भेड़िया एस. एम. डी.सी. अध्यक्ष व शोभा राम सिंहा प्राचार्य कोहका मेटा ने किया..कार्यक्रम का संचालन लोकेश गायकवाड़, शोएब अली ने क्रमशः किया.. आयोजन को सफल बनाने मे रुपधर तामो व समस्त स्टॉफ ग्राम वासी कोहका मेटा का रहा है ।

# जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आमजन की समस्याएं सुनीं

**जनदर्शन में प्राप्त हुए 21 आवेदन, कई मामलों का मौके पर निराकरण**



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत बीते सोमवार को कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया। आज आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिससे जनदर्शन की प्रक्रिया सुचारू एवं प्रभावी रही।

# मिठाइयों के मिलावटखोरों पर सख्ती: सक्ती जिले में खोया-पनीर के 8 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए





**सक्ती/मूक पत्रिका**

होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर निर्देशन के तहत अभिहीन अधिकारी, जिला सक्ती एहसान तिग्गा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सांतनु भट्टाचार्य द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत मिलावट की रोकथाम के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खोया एवं पनीर सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के विधिवत सर्वेक्षण कर कुल 8 नमूने संकलित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात यदि नमूने अमानक पाए जाते हैं तो संबंधित फर्मों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अभिहीन अधिकारी, जिला सक्ती द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के अमानक रंग से बने खाद्य पदार्थ, खुले में परोसे जाने वाले खाद्य उत्पाद, एक्सपायरी डेट वाले अथवा अस्वच्छ (अनहाइजेनिक) खाद्य पदार्थ न खरीदें और न ही उनका सेवन करें। साथ ही खाद्य पदार्थ विक्रेताओं एवं व्यवसायियों को भी निर्देशित किया गया है कि किसी प्रकार के अमानक, मिथ्या छाप वाले अथवा गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों का विक्रय न करें। शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी साजा एवं स्टाफद्वारा पैदल फ्लैग मार्च पेट्रोलिंग, आमजन को शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा का दिया गया संदेस

**फ्लैग मार्च पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों पर कड़ी कार्यवाही, अफवाहों पर सख्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी का दिया संदेश**



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

आगामी होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए, नगर की परम्परा के अनुरूप होली त्यौहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने, पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी श्रीमती शशीकला उईके के मार्गदर्शन मे बेमेतरा पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों व अड्डेबाजी स्थलों पर सघन चेकिंग, फ्लैग मार्च और लगातार पेट्रोलिंग की जा रही हैं। इसी क्रम में 01 मार्च 2026 को थाना प्रभारी साजा निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय एवं निरीक्षक कृष्णकांत सिंह व थाना स्टाफ के द्वारा आगामी होली त्यौहार के मद्देनज़र कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना साजा परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों से होते हुए निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की। त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अवैध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि त्यौहार के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा एवं सतत पेट्रोलिंग की जाएगी, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित एवं आनंदपूर्वक होली पर्व मना सकें। बेमेतरा पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि होली पर्व को आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# गृह ग्राम आगमन से पहले कुसमी में—सांसद चिंतामणि महाराज का जनसंवाद, सब्जी मंडी की समस्या पर सख्त रुख

**महिला दुकानदार की शिकायत पर सीएमओ को तत्काल निर्देश – कल ही ठीक हो सब्जी मंडी की लाइट व्यवस्था**





**कुसमी/मूक पत्रिका**

सांसद चिंतामणि महाराज के गृह ग्राम आगमन से पूर्व सोमवार शाम 5 बजे कुसमी बस स्टैंड में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर उन्हें होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद सांसद चिंतामणि महाराज पैदल ही कुसमी सब्जी मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने आम नागरिकों और दुकानदारों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। इसी दौरान एक महिला सब्जी विक्रेता ने मंडी में लंबे समय से खराब पड़ी लाइट व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि रात के समय रोशनी नहीं रहने से व्यापार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने मौके से ही कुसमी के सीएमओ को फोन कर तत्काल लाइट दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मंडी में रोशनी की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुधारी जाए। सीएमओ ने आश्वस्त किया कि अगले ही दिन लाइट ठीक कर दी जाएगी।

सांसद के इस त्वरित हस्तक्षेप से मंडी के दुकानदारों में संतोष और उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश भारती, ब्लॉक महामंत्री बालेश्वर नायक, वरिष्ठ नेता अरविंद तिवारी, सांसद प्रतिनिधि नितेश तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होली पर सक्ती जिला प्रशासन अलर्ट: कलेक्टर-एसपी ने शांति, सुरक्षा और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील



**सक्ती/मूक पत्रिका**

रंगों के पर्व होली को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने जिलेवासियों से आगामी 4 मार्च को होली का पर्व शांति, सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि होली खुशियों और उत्साह का पर्व है, जिसे परंपरा और मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करते हुए सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा हैं कि विद्युत तारों के नीचे, ट्रांसफार्मर के पास और डामर सड़कों पर होलिका दहन न किया जाए, क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका रहती है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। यदि किसी स्थान पर सड़क पर होलिका दहन करना अति आवश्यक हो, तो पहले मुरूम की परत बिछाकर ही होलिका सजाई जाए। कलेक्टर ने सड़कों पर होलिका दहन न करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने नगर पालिका और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रंग-गुलाल एवं पिचकारी की दुकानों से यातायात बाधित न हो। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने नागरिकों से जबरन रंग न लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने और तेज गति से वाहन चलाने से बचने की अपील की। साथ ही दोपहिया पर तीन सवारी बैठाने और प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। होली के दौरान जिले में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बाइक पेट्रोलिंग, मोबाइल पार्टी, डायल-112 सेवा और सादी वर्दी में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने भरोसा जताया है कि जिलेवासी मिल-जुलकर शांति, सुरक्षा और सद्भाव के साथ होली मनाकर एक सकारात्मक संदेश दें।

**फरसेगढ़ इलाके में 36वां सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प; सड़क, पुल और बुनियादी सुविधाओं को मिलेगी रफ्तार**

# सेण्ड्रा में खुला नया कैम्प,एड़ापल्ली में दो माओवादी स्मारक भी ध्वस्त






**बीजापुर/मूक पत्रिका**

**आशीष पदमवार ।** नक्सल प्रभावित फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेण्ड्रा में सोमवार को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई। सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने दुर्गम जंगलों के बीच यह कैम्प स्थापित किया। कैम्प स्थापित होने से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। डीआरजी, जिला बल और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 6वीं वाहिनी ÷सी÷ समवाय की टीम इस अभियान में शामिल रही। पुलिस के मुताबिक यह कैम्प माओवादियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और क्षेत्र में सतत निगरानी के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

**कठिन हालात में लगातार विस्तार** –घने जंगल, पहुंचविहीन रास्ते और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वर्ष 2024 से अब तक जिले में 36 नए सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं। पुलिस का दावा है कि इन प्रयासों से दूरस्थ गांवों तक प्रशासनिक पहुंच बढ़ी है और ग्रामीणों में भरोसा मजबूत हुआ है।

**अंतर्राज्यीय संपर्क को मिलेगा बल** – भोपालपटनम से फरसेगढ़ और सेण्ड्रा होते हुए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली तक संपर्क मजबूत करने की दिशा में यह कदम अहम माना जा रहा है। इंद्रावती नदी पर पुल निर्माण का कार्य जारी है। आने वाले समय में नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर गांवों को सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की योजना है, जिससे आवागमन आसान होगा।

**ग्रामीणों को मिलेंगी जरूरी सुविधाएं** – कैम्प स्थापित होने से आसपास के गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मोबाइल नेटवर्क और सड़क जैसी सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद जताई गई है। प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा और विकास के समन्वय से क्षेत्र में स्थायी शांति का माहौल बनेगा।


**नक्सल विरोधी अभियान के आंकड़े** – पुलिस के अनुसार वर्ष 2024 से अब तक जिले में 918 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। 234 माओवादी विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए, जबकि 1181 को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों का मानना है कि लगातार चल रहे अभियानों का असर दिख रहा है।

**अधिकारियों की मौजूदगी –प्रशासनिक नेतृत्व की भूमिका**–इस पूरी पहल में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर के मार्गदर्शन में अभियान संचालित किया गया। वहीं डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, अमन कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स), उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह चौहान और फरसेगढ़ के एसडीओपी अमन लखीसरानी की मौजूदगी में योजना को आगे बढ़ाया गया। यह पहल राज्य शासन की ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत की गई है।

**एड़ापल्ली जंगल में अवैध स्मारक ध्वस्त** – 1 मार्च को थाना फरसेगढ़ क्षेत्र के एड़ापल्ली जंगल में संयुक्त कार्रवाई के दौरान माओवादियों द्वारा बनाए गए दो अवैध स्मारकों को ध्वस्त किया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में माओवादी प्रभाव समाप्त करने और ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने के लिए अभियान जारी रहेगा।

# महानदी के तट नंदीगव प्राथमिक शाला में गूंजा योग का संदेश: जुगेन्द्र साहू ने स्वस्थ तन-मन का दिया मंत्र





बरमकेला /मूक पत्रिका

विकास खंड बरमकेला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नंदीगाव में आज का दिन बच्चों के लिए खास और प्रेरणादायक रहा। विद्यालय परिसर में योग शिक्षक जुगेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों को योगाभ्यास कराया गया और स्वस्थ जीवनशैली का महत्व समझाया गया। योग शिक्षक जुगेन्द्र साहू ने बच्चों को विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए बताया कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र और आत्मविश्वास मजबूत होता है। उन्होंने बच्चों को खान-पान पर विशेष ध्यान देने, जंक फूड से दूर रहने और पौष्टिक आहार अपनाने का संदेश भी दिया।

## योग शिक्षक जुगेन्द्र साहू ने कहा

÷बच्चों के जीवन में योग की शुरुआत जितनी जल्दी हो, उतना बेहतर है। योग न केवल शरीर को मजबूत बनाता है बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन भी सिखाता है। यदि बच्चे प्रतिदिन कम से कम 15 से 20 मिनट योग करें और संतुलित आहार लें, तो वे बीमारियों से दूर रहकर पढ़ाई और खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।÷ इस अवसर पर प्रधान पाठक द्दड्डठ्ठस्त्रड्डह्लड्डद्द ह्लद्दड्डह्वद्ध शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता सरपंच गौरीशंकर जी एवं रिटायर्ड शिक्षिका की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने बच्चों को प्रतिदिन योग करने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ योगासन किए, जिससे विद्यालय का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। विद्यालय परिवार का मानना है कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और मजबूत मन की दिशा में यह एक सराहनीय पहल साबित हुई।

# सारंगढ़ सिटी कोतवाली थाना की आबकारी एक्ट की बड़ी कार्यवाही

### 2 प्रकरणों में 140 लीटर अवैध शराब के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार

### एक प्रकरण में आरोपी से देशी व अंग्रेजी शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त




सारंगढ़ बिलाईगढ़ :- पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेये,अति0 पुलिस अधीक्षक निमीषा पाण्डेय एवं एसडीओपी स्नेहिल साहू के द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु लगातार निर्देशित किये जाने पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कामिल हक के कुशल मार्ग दर्शन में थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के पुलिस स्टाफके द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्यवाही मे सफलता प्राप्त हुई 1. अप0क्र0 94/2026 धारा-34(2)59(क) आबकारी एक्ट में दिनांक-28.02.2026 को मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के घटना स्थल जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर दो व्यक्ति (1) दिलीप यादव पिता भुजबल यादव उम्र 33 वर्ष (2) जय सिदार पिता लखन सिदार उम्र 40 वर्ष साकिनान कमलानगर सारंगढ़ के कब्जे से प्लास्टिक डिब्बा में भरा कुल 135 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती-27000 रू0 को जप्त किया जाकर आरोपीगण को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। 2.अप0क्र0 95/2026 धारा-34(2)59(क) आबकारी एक्ट में दिनांक- 28.02.2026 को मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के घटना स्थल जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर एक व्यक्ति प्रमोद कुमार निराला पिता छबीलाल निराला उम्र 27 वर्ष सा0 लेंध्रा छोटे थाना सारंगढ़ को मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक-सीजी-13आर-8476 मे अवैध शराब के साथ अपने पास रखे देशी मदिरा 4.680 लीटर कीमती-2080 रू0 एवं 900 एमएल अंग्रेजी शराब कीमती- 1000 रू0 जुमला-5.580 लीटर कीमती-3080 रू0 के परिवहन करते पाए जाने से मोटर सायकल को जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी कामिल हक, प्र0आर0-307 अर्जुन पटेल,संतोष मिरि आरक्षक- पुरूषोत्तम राठौर,भरत भूषण वर्मा,दीपक मैत्री, विजय पांडये, योगेश कुर्रे एवं समस्त स्टाफ का संपूर्ण कार्यवाही में प्रमुख भूमिका रही।

# सरिया में कांग्रेस का सम्मान समारोह, नए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत, जिला और प्रदेश स्तर के नेताओं की मौजूदगी में संगठन को मजबूत करने का संदेश..

सारंगढ़ बिलाईगढ़ /मूक पत्रिका




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरिया की ओर से रविवार को मंगल भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों और विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों का स्वागत किया गया। दोपहर शुरू हुए इस आयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अच्छी उपस्थिति रही। समारोह में संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि आने वाला समय संगठन के लिए महत्वपूर्ण है और हर कार्यकर्ता की भूमिका अहम रहेगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष अरूण मालाकार, पूर्व विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, प्रदेश प्रतिनिधि शरद यादव और ब्लॉक अध्यक्ष उग्रसेन साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से आती है। उन्होंने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ काम करने और जनता के बीच सक्रिय रहने की सलाह दी। इस दौरान एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल और नगर पंचायत सरिया के पार्षदों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# पवन नायक बने कांग्रेस के जिला सचिव,संगठन में मिली नई जिम्मेदारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़ /मूक पत्रिका



जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश पर जारी नई कार्यकारिणी में कांग्रेस नेता पवन नायक को जिला सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। पवन नायक काफी लंबे समय से कांग्रेस संगठन के सक्रिय और गद्दावर नेता के रूप में जाने जाते हैं। पार्टी के विभिन्न आंदोलनों, जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी अग्रणी भूमिका रही है। कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि पवन नायक के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में पार्टी को लाभ होगा।नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, जनसमस्याओं के समाधान और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने की अपील भी की है।

# कन्हैया सारथी को जिला कांग्रेस संगठन के महामंत्री का कमान



सारंगढ़ बिलाईगढ़ /मूक पत्रिका

जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिले में कारोबार का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश पर जारी नई लिस्ट में कन्हैया सारथी को महामंत्री का कमान सौंपी गई है। कन्हैया सारथी लंबे समय से कांग्रेस संगठन के सक्रिय और कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते हैं। पार्टी के लिए विभिन्न तत्वों में उनकी प्रमुख भूमिका हमेशा निष्ठावान के रुप में समर्पित रहा है। विचारधारा के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।नवनिर्वाचित कन्हैया सारथी ने आलाकमान व पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं का तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय के करकमलों से क्रांतिकारी शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन सम्पन्न



सारंगढ़ बिलाईगढ़ /मूक पत्रिका

छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ, सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री लैलून कुमार भारद्वाज सहित संगठन के जिला संरक्षक एवं पदाधिकारी – फक्कीरा यादव, नंदकुमार बंजारे, सुभाष पटेल, मुरलीधर पटेल विमल कुमार अजगल्ले, कौशल राठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र नाथ पटेल तथा भूपेंद्र मनहर, मंहगू दास भारद्वाज, सुन्दर लाल जाटवर, रामशरण भारद्वाज, सुरेश टंडन, नरेश सुमन, हुतेन्द्र साहू, रोहित लक्ष्मे, सुकलाल मिरी, कलाराम जोल्हे, बलिराम मिरी, चंद्रकिरण कोसले , दिलेश्वर लहरे सहित अन्य सदस्यगण भी मौजूद थे विमोचन कार्यक्रम के उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने आपसी सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया 7 कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता एवं शिक्षकों के हित में सतत कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# होली से पहले सख्त संदेश: सारंगढ़ में पुलिस का दमदार फ्लैग मार्च, शांति बिगाड़ी तो नहीं होगी बख्शिश!

सारंगढ़ /मूक पत्रिका



सारंगढ़ में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय और कलेक्टर संजय कन्नौजे के नेतृत्व में पुलिस बल ने सारंगढ़ सिटी कोतवाली से नगर के प्रमुख चौक-चौराहों तक पैदल फ्लैग मार्च निकालकर कानून-व्यवस्था का सख्त संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नगरवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील की कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या अप्रिय घटना को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़कों पर उतरी पुलिस की झुण्ड, सायरन की आवाज और अधिकारियों की मौजूदगी ने यह साफकर दिया कि इस बार होली रंगों के साथ-साथ सुरक्षा के साये में भी होगी। प्रशासन का संदेश साफ है– त्योहार की खुशी में खलल डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। वहीं कलेक्टर ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शांति बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सारंगढ़ में प्रशासन की यह सक्रियता साफ संकेत देती है कि होली का रंग तभी चढ़ेगा जब कानून का सम्मान बना रहेगा। अब देखना यह है कि शहरवासी इस अपील को कितनी गंभीरता से लेते हैं, लेकिन फिलहाल प्रशासन का रुख बिल्कुल स्पष्ट और सख्त नजर आ रहा है।

# सारंगढ़ में होटल और दुकानों की जांच, खाद्य सुरक्षा टीम की सख्ती जारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़ /मूक पत्रिका



होली एवं आगामी त्योहारों के मद्देनज़र जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों, होटलों और किराना दुकानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य त्योहारों के दौरान मिलावटी और मानकहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाना तथा आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। विभागीय टीम ने मंगलवार को सारंगढ़ शहर के विभिन्न प्रमुख मिठाई दुकानों, होटलों और किराना प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिठाइयों, बेसन, सूजी और विभिन्न प्रकार की दालों के नमूने संग्रहित किए गए। इन नमूनों को प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा जाएगा, ताकि उनकी गुणवत्ता और शुद्धता की पुष्टि की जा सके। अधिकारियों ने दुकानों में साफ-सफाई की स्थिति, खाद्य सामग्री के भंडारण की व्यवस्था और पैकेज्ड उत्पादों पर अंकित लेबल की भी जांच की। जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गई, उन्हें नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने उपभोक्ताओं से भी विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि खुले में बिकने वाली और अत्यधिक रंग युक्त मिठाइयों व खाद्य पदार्थों से बचें, क्योंकि इनमें कृत्रिम रंगों का अधिक उपयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। खरीदारी के समय उत्पाद का लेबल, निर्माण तिथि, बैच नंबर और उपयोग की अंतिम तिथि (एक्सपायरी डेट) अवश्य जांचें। बिना लेबल या संदिग्ध पैकेजिंग वाले उत्पादों को खरीदने से बचने की सलाह दी गई है।

### सांसद महेश कश्यप और विधायक चैतराम अटामी ने की पूजा-अर्चना, संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर

# बारह भुजा देव मड़ई में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

बीजापुर/मूक पत्रिका






**आशीष पदमवार ।** जिले के ग्राम बेंगलुरु में आयोजित पारंपरिक बारह भुजा देव मड़ई (पेन करसाड़) में इस बार आस्था का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। दूर-दराज गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ आयोजन में भाग लिया।कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप और दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी विशेष रूप से शामिल हुए। ग्रामीणों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक परंपराएं और मड़ई जैसे आयोजन समृद्ध आदिवासी विरासत की पहचान हैं। इन्हें सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में संस्कृति को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। सांसद ने ग्रामीणों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, वादन और स्थानीय रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली, जिसने मड़ई को और भी जीवंत बना दिया।

## संपादकीय

# भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है।अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है।इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए।जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है।दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ।

# बोर्ड परीक्षा- शिक्षा की कसौटी या सामाजिक प्रतिष्ठा का युद्ध?

**हर वर्ष फरवरी और मार्च का महीना आते ही देश के लाखों घरों में एक अलग-सी गंभीरता उतर आती है। पढ़ाई की मेज पर किताबों का ढेर बढ़ जाता है, दीवारों पर चिपके परीक्षा कार्यक्रम घर की दिनचर्या तय करने लगते हैं और बातचीत का केंद्र एक ही विषय रह जाता है- बोर्ड परीक्षा। दसवीं और बारहवीं की ये परीक्षाएं हर साल आती हैं, लेकिन इनके साथ जुड़ा तनाव और सामाजिक दबाव भी लगभग उतनी ही नियमितता से लौटता है। दरअसल, यह सिर्फ विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं होती, यह परिवारों, विद्यालयों और पूरे सामाजिक परिवेश की मानसिकता की भी परीक्षा होती है। हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को एक निर्णायक मोड़ की तरह देखने की परंपरा रही है। परिणाम आते ही फीसद के आधार पर बच्चों की क्षमता और पहचान तय कर दी जाती है। कुछ अंक ऊपर-नीचे होते ही किसी को मेधावी, किसी को औसत और किसी को कमजोर मान लिया जाता है।**


**(शिवम भारद्वाज )**

यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के मन में यह धारणा बना देती है कि उनका पूरा भविष्य कुछ अंकों पर टिका हुआ है। यहीं से परीक्षा सीखने की स्वाभाविक प्रक्रिया न रहकर सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाती है। किशोरावस्था का समय अपने आप में संवेदनशील होता है। यही वह दौर है, जब बच्चे अपनी क्षमताओं को पहचान रहे होते हैं और आत्मविश्वास विकसित कर रहे होते हैं। ऐसे समय में बोर्ड परीक्षा उनके सामने पहली बड़ी सार्वजनिक चुनौती बनकर आती है।

परिणाम केवल परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रिश्तेदारों, पड़ोसियों और समाज की चर्चा का विषय बन जाता है। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में बच्चों के मन में चिंता और दबाव बढ़ता है, और कई बार यह दबाव पढ़ाई से अधिक उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। यहां एक बुनियादी सवाल यह है कि क्या कुछ घंटों की परीक्षा में मिले अंक किसी विद्यार्थी की पूरी योग्यता तय कर सकते हैं? शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक जुटाना नहीं, बल्कि समझ, कौशल और व्यक्तित्व का विकास करना है, लेकिन जब पूरी चर्चा अंकों तक सिमट जाती है, तो सीखने की प्रक्रिया पीछे छूट जाती है और प्रतिस्पर्धा आगे आ जाती है।

नई शिक्षा नीति बहुआयामी मूल्यांकन, कौशल आधारित शिक्षा और सतत आकलन की बात करती है, लेकिन सामाजिक व्यवहार अब भी अंकों को ही अंतिम सत्य मानने का आदी है। यह विरोधाभास ही परीक्षा के आसपास अनावश्यक दबाव पैदा करता है। परीक्षा के समय बच्चों पर इस दबाव का असर साफ दिखाई देता है। उनकी नींद कम हो जाती है, दिनचर्या असंतुलित हो जाती है और आत्मविश्वास की जगह चिंता ले लेती है। कई बार मेहनती छात्र भी परीक्षा कक्ष में अपने ही डर से हार जाते हैं। इस डर से किसी बच्चे का आत्महत्या कर लेना बेहद त्रासद है। यह स्थिति बताती है कि समस्या पढ़ाई की कमी नहीं, बल्कि दबाव की अधिकता है।

जब मन आशंकाओं से भरा होता है, तो याद की हुई बातें भी स्पष्ट नहीं रह पातीं। इसीलिए तैयारी का अर्थ केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखना भी है। परीक्षा की दृष्टि से ऐसे समय में बच्चों के लिए संतुलित तैयारी सबसे जरूरी होती है। नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, हल्की शारीरिक गतिविधि और समझ के साथ की गई पढ़ाई- ये सभी बातें उनकी क्षमता को बेहतर बनाती हैं। बिना रुके घंटों पढ़ना हमेशा बेहतर परिणाम नहीं देता, बल्कि संतुलित और समझ पर आधारित तैयारी ही आत्मविश्वास पैदा करती है। परीक्षा के दिनों में यह समझना जरूरी है कि शरीर और मन दोनों को साथ लेकर चलना ही असली तैयारी है।



परीक्षा के नजदीक आने पर दबाव में आकर की गई पढ़ाई के नतीजे ज्यादा ठोस और सार्थक नहीं निकलते। इससे संभव है कि विद्यार्थी परीक्षा पास कर जाए, लेकिन ज्ञान और विवेक के स्तर पर जो मजबूती आनी चाहिए, वह नहीं आ पाती। इस दौर में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश माता-पिता बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यही चिंता दबाव में बदल जाती है। तुलना, अपेक्षाओं की लगातार चर्चा या परिणाम को लेकर डराने वाली बातें बच्चों के मन में असुरक्षा पैदा करती हैं। इसके विपरीत, घर का शांत वातावरण, भरोसे से भरी बातचीत और नियमित दिनचर्या बच्चों को मानसिक स्थिरता देती है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनका मूल्य केवल अंकों से नहीं तय होगा, तो वे अधिक सहज होकर अपनी तैयारी पर ध्यान दे पाते हैं। शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। स्कूलों की रैंकिंग, सबसे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों की सूचियां और फीसद आधारित प्रतिष्ठा की होड़ कई बार बच्चों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा में धकेल देती है। शिक्षा का उद्देश्य जहां समझ और आलोचनात्मक विवेक विकसित करना होना चाहिए, वहां परिणाम संस्थानों की साख का पैमाना बन जाता है। अगर विद्यालय परीक्षा को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा मानकर चलें और काउंसलिंग, संवाद तथा समय प्रबंधन पर ध्यान दें, तो दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे समय में शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले व्यक्ति नहीं रहते, बल्कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बन जाते हैं। एक शिक्षक का संतुलित व्यवहार, परीक्षा से पहले दिए गए व्यावहारिक सुझाव या एक भरोसा दिलाने वाला वाक्य- ये सब बच्चों के मनोबल को मजबूत करते हैं। कई विद्यार्थियों के लिए शिक्षक की एक सकारात्मक टिप्पणी ही परीक्षा के दबाव के बीच सहारा बन जाती है। इस संबंध में समाज और मीडिया में जो उत्तेजना देखी जाती है, उसके मद्देनजर इनकी भूमिका पर भी विचार आवश्यक है। परिणाम आते ही सुर्खियां सबसे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों के इर्द-गिर्द घूमने लगती हैं। यह प्रेरक हो सकता है, लेकिन जब पूरी चर्चा उसी तक सीमित रह जाती है, तो एक संदेश फैलता है कि सफलता का एक ही पैमाना है- अधिकतम अंक। यह दृष्टिकोण न तो वास्तविक है और न उपयोगी। जीवन के रास्ते केवल बोर्ड परीक्षा के परिणाम से तय नहीं होते। आज का शैक्षिक और व्यावसायिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक डिग्रियों के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा, तकनीकी क्षेत्रों, रचनात्मक पेशों और उद्यमिता के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा को जीवन का अंतिम निर्णय मान लेना यथार्थ से दूर की सोच है। अच्छे अंक अवसरों के दरवाजे खोलते हैं, लेकिन कम अंक जीवन के रास्ते बंद नहीं करते। दरअसल, बोर्ड परीक्षा को एक ऐसे पड़ाव की तरह देखना चाहिए, जो बच्चों को अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना सिखाता है। यह जीवन की लंबी यात्रा का एक चरण है, मंजिल नहीं। जब समाज इस सरल सत्य को स्वीकार करेगा, तब परीक्षा के आसपास का दबाव कम होने लगेगा। इस पूरी प्रक्रिया में तीनों पक्ष- बच्चे, अभिभावक और शिक्षण संस्थान- एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। बच्चों को मेहनत और समझ के साथ तैयारी करनी है, अभिभावकों को भरोसे का वातावरण बनाना है और स्कूलों को मार्गदर्शक की भूमिका निभानी है। जब यह संतुलन बनता है, तभी परीक्षा एक स्वस्थ अनुभव बनती है। हर साल बोर्ड परीक्षाएं होंगी, परिणाम आएंगे और नई पीढ़ियां इस प्रक्रिया से गुजरती रहेंगी, लेकिन किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सफलता अंकों की सूची से नहीं, बल्कि उन बच्चों के आत्मविश्वास से तय होती है, जो परीक्षा के बाद जीवन में आगे बढ़ते हैं। अगर परीक्षा उन्हें संतुलन, मेहनत और विश्वास सिखाती है, तो वही उसकी असली सार्थकता है। और अगर वह उन्हें डर, तुलना और असुरक्षा में उलझा देती है, तो समस्या अंकों में नहीं, हमारी सोच में है।

# शीर्ष माओवादी नेताओं के आत्मसमर्पण के साथ नक्सलवाद मुक्त होने की राह पर बढ़ा देश

**(नीरज कुमार दुबे )**

हम आपको बता दें कि करीब साठ से बासठ वर्ष का देवजी तेलंगाना के जगत्याल जिले के कोरुतला कस्बे के अंबेडकर नगर का निवासी है। दलित माला परिवार से आने वाले देवजी ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही कट्टर वामपंथी विचारधारा की ओर रुख कर लिया था। तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सरहद से आई एक खबर ने दशकों से चल रहे माओवादी आंदोलन की कमर तोड़ कर रख दी है। प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के शीर्ष कमांडर और प्रमुख रणनीतिकार टिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी तथा वरिष्ठ नेता मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम का आत्मसमर्पण उस अभियान की निर्णायक कड़ी बन गया है, जिसे केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के लक्ष्य के साथ शुरू किया था। हम आपको बता दें कि करीब साठ से बासठ वर्ष का देवजी तेलंगाना के जगत्याल जिले के कोरुतला कस्बे के अंबेडकर नगर का निवासी है। दलित माला परिवार से आने वाले देवजी ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही कट्टर वामपंथी विचारधारा की ओर रुख कर लिया था। 1982 में वह रेडिकल स्टूडेंट यूनियन से जुड़ा था। उसी दौर में करीमनगर जिले में आरएसयू और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुई और एक मामले में उसका नाम आरोपी के रूप में सामने आया।

1983 में उसने सीपीआई एमएल पीपुल्स वार ग्रुप का दामन थामा और भूमिगत हो गया। 1983 से 1984 के बीच वह गढ़चिरोली दलम का सदस्य रहा। 1985 में एरिया कमेटी सदस्य बना और 2001 में केंद्रीय समिति में जगह पाई। 2016 में उसे केंद्रीय सैन्य आयोग का प्रभारी बनाया गया। देवजी को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के गठन का श्रेय दिया जाता है। वह संगठन की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य रहा तथा दक्षिण भारत जोन और सेंट्रल रीजनल ब्यूरो में सैन्य रणनीति का मुख्य मार्गदर्शक बना। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक 2010 के दंतेवाड़ा हमले सहित कई बड़े हमलों की साजिश से उसका संबंध रहा है। उस पर एक से ढाई करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित था।

मई 2025 में सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु की मौत के बाद माना जा रहा था कि देवजी ने संगठन की कमान संभाली। ऐसे समय में उसके आत्मसमर्पण ने संगठन के नेतृत्व को लगभग शून्य में ला खड़ा किया है।

देखा जाये तो पिछले एक वर्ष में देशभर में 2793 कैडर ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें 1590 केवल बस्तर क्षेत्र से थे। 2025 में 1040, 2024 में 881, 2023 में 376 और 2022 में 496 आत्मसमर्पण दर्ज हुए। केवल तेलंगाना में पिछले दो वर्षों में 588 माओवादी नेता और कैडर सामान्य जीवन में लौटे हैं।

हम आपको याद दिला दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट ऐलान किया था कि 31 मार्च तक देश से माओवादी उग्रवाद पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। उनका यह बयान जमीनी हकीकत पर आधारित दिखता है। तीन वर्षों में व्यापक अभियान, सटीक खुफिया समन्वय, राज्यों के बीच तालमेल और पुनर्वास नीति के संयोजन ने माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है। सुरक्षा बलों ने साफ संदेश दिया था कि या तो आत्मसमर्पण करें या तीव्र अभियान में समाप्त कर दिए जाएंगे। देवजी और राजी रेड्डी का आत्मसमर्पण उसी संदेश की परिणति है।

अब जब माओवादी संगठन के शीर्ष चार केंद्रीय समिति सदस्य में से दो ने हथियार डाल दिए, तो यह माना जा सकता है कि माओवादी आंदोलन अपने अंतिम दौर में है। अमित शाह का संकल्प अब लगभग साकार होता दिख रहा है। दशकों तक खून और हिंसा से दागदार रहे इलाकों में अब शांति, विकास और लोकतांत्रिक मुख्यधारा की उम्मीद मजबूत हुई है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पेट भरा फिर भी कुपोषण, अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत के सामने गहराता 'मौन संकट'

**(नृपेंद्र अभिषेक नृप)**

**दुनिया के चावल और गेहूं के बड़े उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद भारत में रक्त की कमी, ठिगनापन और कम वजन की समस्या बनी हुई है। भूख के विरुद्ध हमारी लंबी लड़ाई ने खेतों को लहलहाया, भंडारों को भरा और अन्न की कमी को काफी हद तक दूर किया। मगर, इस उपलब्धि के बीच एक मौन संकट पनपता रहा और वह है पोषण की कमी। पेट तो भर गया, पर शरीर को वह संपूर्ण ऊर्जा नहीं मिल सकी, जो स्वस्थ जीवन का मूल आधार है। कई दशकों तक दुनिया भर में भूख से लड़ने का मुख्य उपाय यही माना गया कि अधिक से अधिक खाद्यान्न पैदा किया जाए। हरित क्रांति और उसके बाद कृषि के आधुनिकीकरण ने भारत जैसे देशों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।**

मगर आज चुनौती केवल पेट भरने की नहीं है, बल्कि शरीर को सही पोषण देने की भी है। यह दोहरी समस्या हमें कृषि नीतियों, फसल विकास की दिशा और खाद्य व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की ओर इशारा करती है। फसलों की नई-नई किस्में इस उद्देश्य से विकसित की गई थीं कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन अधिकतम हो सके। इन किस्मों ने खेती की तस्वीर बदल दी और लाखों लोगों को भुखमरी से बचाया। मगर जब पूरी प्राथमिकता उपज बढ़ाने पर केंद्रित हो गई, तब फसलों के पोषण मूल्य पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। कई अध्ययनों से संकेत मिला है कि गेहूं और चावल जैसे खाद्यान्न की आधुनिक किस्मों में लौह तत्त्व, जिंक और कुछ विटामिन की मात्रा पारंपरिक देसी किस्मों की तुलना में कम हो सकती है। भले ही यह अंतर बहुत बड़ा न हो, लेकिन जिस समाज का भोजन मुख्य रूप से अनाज पर आधारित है, वहां इसका प्रभाव व्यापक हो सकता है। जब आहार में विविधता कम हो और अधिकांश भोजन केवल एक-दो फसलों पर निर्भर हो, तब पोषक तत्त्वों में हल्की-सी कमी भी बड़े पैमाने पर कुपोषण का कारण बन जाती है। भारत में पोषण की मौजूदा स्थिति इस सच्चाई को स्पष्ट करती है।

दुनिया के चावल और गेहूं के बड़े उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद भारत में रक्त की कमी, ठिगनापन और कम वजन की समस्या बनी हुई है। विशेषकर प्रजनन आयु की महिलाएं और छोटे बच्चे इससे अधिक प्रभावित हैं। विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों और वैश्विक रपटों से यह बात सामने आती रही है कि खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा एक ही बात नहीं है। केवल अनाज की उपलब्धता बढ़ जाने से पोषण की समस्या हल नहीं होती। महिलाओं और बच्चों में रक्त की कमी का बने रहना इस बात का प्रमाण है कि उन्हें जरूरी लौह तत्त्व और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्त्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के अनुसार, भारत में वर्ष 2024 में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में से 18.7 फीसद कुपोषण से पीड़ित थे। इसी तरह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) के मुताबिक, देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.5 फीसद बच्चे बौने हैं। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि केवल यह देखना पर्याप्त नहीं है कि कितना खाद्यान्न पैदा हो रहा है; यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि उस खाद्यान्न में पोषक तत्त्वों की स्थिति क्या है।

इन चुनौतियों को समझते हुए कृषि अनुसंधान संस्थानों ने अब पोषक तत्त्वों से भरपूर किस्में विकसित करने की दिशा में काम शुरू किया है। जैव-संवर्धन इसी प्रयास की एक अहम कड़ी है। इसमें फसलों की ऐसी किस्में विकसित की जाती हैं, जिनमें प्राकृतिक रूप से पोषक तत्त्वों की मात्रा अधिक हो। यह समाधान टिकाऊ है, क्योंकि इसमें फसल की कटाई के बाद अलग से पोषक तत्त्व मिलाने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि पोषण सीधे खेत से ही भोजन में पहुंचता है।

फिर भी केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। कृषि नीति में व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिसमें आहार की विविधता को महत्त्व दिया जाए। पारंपरिक खेती में दालें, मोटे अनाज, तिलहन, फल और सब्जियां सब शामिल होते थे, जिससे संतुलित पोषण मिलता था। मगर समय के साथ एक ही प्रकार की फसलों पर निर्भरता बढ़ी और खेतों की विविधता कम हो गई। जबकि मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार और रागी पोषक तत्त्वों से भरपूर होते हैं और सूखे की स्थिति में इनकी पैदावार अच्छी होती है। इन्हें 'पोषक अनाज' के रूप में फिर से बढ़ावा देना कुपोषण से लड़ने का सशक्त माध्यम हो सकता है।

मिट्टी का स्वास्थ्य भी इस पूरी प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी होगी, तो फसलों में भी उनकी मात्रा कम हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग और जैविक पदार्थों की कमी से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसलिए संतुलित उर्वरक प्रयोग, फसल चक्र, जैविक खाद और मिट्टी परीक्षण जैसी पद्धतियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्वस्थ मिट्टी में उगाई गई फसलें न केवल अधिक उत्पादन देती हैं, बल्कि बेहतर पोषण भी प्रदान करती हैं। इस प्रकार मिट्टी की सेहत, फसल की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।




ऐसे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में भी बदलाव की आवश्यकता है। अब तक इनका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्याप्त अनाज उपलब्ध कराना रहा है। यदि इन्हीं प्रणालियों के माध्यम से पोषक तत्त्वों से भरपूर अनाज, दालें और अन्य खाद्य पदार्थ वितरित किए जाएं, तो पोषण सुधार में खासी मदद मिल सकती है। विद्यालयों के मध्याह्न भोजन और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण योजनाओं में स्थानीय तथा विविध खाद्य पदार्थों को शामिल करने से उनकी सेहत में सुधार हो सकता है।

खाद्यान्न के प्रति उपभोक्ताओं की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण लोग अधिक प्रसंस्कृत और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ये खाद्य पदार्थ ऊर्जा तो देते हैं, परंतु उनमें पोषक तत्त्वों की कमी होती है। संतुलित आहार, साबुत अनाज, दालें, फल और सब्जियों के महत्त्व को समझाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। यदि परिवारों, विशेषकर माताओं को सही जानकारी मिले, तो बच्चों के पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है।

देखा जाए तो आर्थिक पहलू भी इस समस्या से जुड़े हुए हैं। किसान वही फसल उगाते हैं, जिसकी बाजार में मांग और उचित मूल्य मिलता है। यदि पोषक तत्त्वों से भरपूर फसलों को पर्याप्त समर्थन मूल्य और बाजार उपलब्ध नहीं होगा, तो जाहिर है कि किसान उनमें ज्यादा रुचि नहीं लेंगे और उनका उत्पादन सीमित ही रहेगा। इसलिए सरकार को व्यापक स्तर पर ऐसी नीतियां और योजनाएं बनानी चाहिए, जो किसानों को विविध एवं पोषक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें।

इन सब के बीच जलवायु परिवर्तन भी एक नई चुनौती बनकर सामने आया है। तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा फसल उत्पादन एवं उनके पोषण मूल्य को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड की बढ़ती मात्रा से फसलों में प्रोटीन और पोषक तत्त्वों की मात्रा घट सकती है। ऐसे में जलवायु के अनुकूल और पोषण से भरपूर फसलों की नई किस्मों का विकास जरूरी है। इक्कीसवीं सदी में भूख से लड़ाई केवल मात्रा पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता पर भी केंद्रित होनी चाहिए। हर नागरिक को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना मानव विकास की बुनियादी जरूरत है। यदि हम पोषण-संवेदनशील कृषि में निवेश करते हैं, तो इससे शिक्षा, रोजगार और आर्थिक प्रगति पर दूरगामी एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसलिए अब जरूरी है कि हम कृषि विकास के अगले चरण में पोषक तत्त्वों से भरपूर खाद्यान्न को केंद्र में रखकर आगे बढ़ें।

# कांकेर पुलिस का होली सुरक्षा चक्र हुड़दंगियों के लिए कड़ा पहरा, शांति प्रेमियों के लिए भरोसा




**कांकेर/मूक पत्रिका**

कांकेर रंगों का त्यौहार 'होली' खुशियों के साथ बीते, इसके लिए कांकेर पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के नेतृत्व में आज शहर की सड़कों पर खाकी का जबरदस्त तालमेल देखने को मिला। भारी पुलिस बल के साथ निकले इस 'फ्लैग मार्च' ने साफ संदेश दे दिया है कि कानून तोड़ने वालों की अब खैर नहीं। चप्पे-चप्पे पर नजर, एसपी ऑफिस से अर्जुनी तक मार्च यह फ्लैग मार्च एसपी ऑफिस से शुरू होकर कलेक्ट्रेट तिराहा, जिला अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, घड़ी चौक, संजय नगर, शीतलापारा, श्रीराम नगर होते हुए गोविंदपुर, अर्जुनी और भीरावाही तक पहुंचा। शहर के हर संवेदनशील मोड़ और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। पुलिस प्रशासन ने होली के लिए सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं नशा और रफ्तार पर लगाम ,शराब पीकर गाड़ी चलाने और तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने वालों पर सख्त कानूनी शिकंजा कसेगा, जबरन रंग लगाना अपराध,किसी की मर्जी के खिलाफ रंग डालना या हुड़दंग करना आपको जेल की हवा खिला सकता है। सुरक्षा के मद्देनजर चेहरे पर मास्क या मुखौटा लगाकर घूमने और उनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ साइबर टीम 24 घंटे अलर्ट पर है। सुरक्षित खेलें, खुशियां बांटें फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित डीएसपी नक्सल ऑप्स गिरजा शंकर साव, डीएसपी बस्तर फाइटर्स डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह और अन्य आला अधिकारी शामिल रहे। पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे शांति और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

## होली पर 4 मार्च को मदिरा दुकान रहेगा बंद, मदिरा भंडारण, विनिर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रतिबंध

**सारंगढ़ बिलाईगढ़/मूक पत्रिका**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने होली के दिन 4 मार्च को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मदिरा शुष्क दिवस का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे देशी मदिरा दुकान (सीएस-2 घघ), कंपोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकान (एफएल-1 घघ कंपोजिट), दुकानों एवम मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 (ग-अहाता), सीएस 2 (ग- कंपोजिट अहाता), एफएल 1 (ख- अहाता) पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान जिले में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार जैसे विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण और परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शराब रखने और बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासनिक पेंच में फंसा कोकपुर का विकास स्वीकृति निरस्त होने पर भड़के ग्रामीण, सरपंच ने CEO से की बहाली की मांग

**कांकेर/मूक पत्रिका**




**विक्रम ठाकुर** :-कांकेर जिला खनिज संस्थान न्यास (छ्रूस्न) के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकपुर में होने वाले निर्माण कार्यों पर अचानक 'प्रशासनिक ब्रेक' लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जिला खनिज संस्थान न्यास, उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा जारी एक आदेश में कोकपुर के सामुदायिक भवन और बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति को निरस्त कर दिया गया है, जिससे विकास कार्य अधर में लटक गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कोकपुर में 15 लाख रुपये की लागत से 'डड़सेना कलार समाज भवन' में बाउंड्रीवाल एवं अधूरे सामुदायिक भवन व शौचालय का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। इस कार्य के लिए प्रथम किश्त के रूप में 7.50 लाख रुपये जारी भी किए जा चुके थे।परंतु, दिनांक 23.02.2026 को जारी एक आधिकारिक आदेश के तहत इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही, विभाग ने जारी की गई राशि को 3 दिनों के भीतर वापस जमा करने का कड़ा निर्देश दिया है।

÷यथावत रहे कार्य एजेंसी÷

इस निर्णय के बाद ग्राम पंचायत की सरपंच नीशा दुग्गा ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र), जिला पंचायत कांकेर को पत्र लिखकर इस आदेश पर कड़ी आपत्ति जताई है। ग्राम पंचायत कोकपुर को ही इस कार्य की एजेंसी बनाया गया था। अचानक स्वीकृति निरस्त होने से न केवल विकास रुकेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी नाराजगी बढ़ेगी।

हमारी मांग है कि पूर्व आदेश को बहाल किया जाए ताकि कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। सूत्रों की मानें तो प्रशासनिक स्वीकृति निरस्त होने के पीछे तकनीकी प्रतिवेदन या किसी विभागीय विसंगति का हवाला दिया जा रहा है। हालांकि, सीधे तौर पर कार्य रुकने से जनता में यह संदेश जा रहा है कि विकास कार्यों में सामंजस्य की कमी है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन सरपंच की इस अपील पर क्या संज्ञान लेता है। क्या विकास की यह राशि वापस जाएगी या कोकपुर के ग्रामीणों का भवन निर्माण का सपना पूरा होगा?

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कांग्रेस संगठन की कार्यकारिणी घोषित, महेश नायक बने जिला उपाध्यक्ष

**शब्द मेल छत्तीसगढ़ स्टेट हेड सुधीर चौहान**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़/मूक पत्रिका**



जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश पर जारी नई कार्यकारिणी में नेता महेश नायक को जिला उपाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

महेश नायक लंबे समय से कांग्रेस संगठन के सक्रिय और गद्दावर नेता के रूप में जाने जाते हैं। पार्टी के विभिन्न आंदोलनों, जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी अग्रणी भूमिका रही है। कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

कार्यकर्ताओं का मानना है कि महेश नायक के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में पार्टी को लाभ होगा।नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, जनसमस्याओं के समाधान और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने की अपील भी की है।

# जंगल में आग और शिकार पर सख्त रोक, वन विभाग की जन अपील

**वन अग्नि और अवैध शिकार दंडनीय अपराध, नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा**




**बीजापुर/मूक पत्रिका**

जंगलों में बढ़ती आगजनी और अवैध शिकार की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जंगल हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचाना कानूनन अपराध है। वन विभाग के अनुसार जंगल में आग लगने से लाखों पेड़-पौधे, वन्य जीव और पूरा पर्यावरण प्रभावित होता है। एक छोटी सी लापरवाही बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए लोगों से कहा गया है कि वे जंगल क्षेत्र में बीड़ी, सिगरेट या माचिस का उपयोग न करें और किसी भी तरह की जलती हुई वस्तु न फेंकें।

**कानून का प्रावधान** -विभाग ने बताया कि भारतीय वन अधिनियम और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत जंगल में आग लगाना और वन्य प्राणियों का शिकार करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

**नागरिकों से सहयोग की अपील** -वन विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि यदि कहीं शिकार या वनाग्नि की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी वन परिक्षेत्र कार्यालय को सूचित करें। साथ ही वन और वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा संदेश दिया गया है कि ÷जंगल बचाओ, वन्य जीव बचाओ, भविष्य सुरक्षित बनाओ।÷ यह अपील बीजापुर वनमण्डल (सामान्य) एवं इंद्रावती टाइगर रिजर्व की ओर से जारी की गई है।

# होली में मुखौटा लगाकर धूमना प्रतिबंधित

**फूहड़, भड़काऊ एवं धर्म विशेष पर टिप्पणीकारी गीतों पर रोक, होली व होलिका दहन से शासकीय संपत्ति को नुकसान नहीं करने समझाइश,बिना अनुमति के डीजे का उपयोग प्रतिबंधित, होली के दिन रहेगा शराब शुष्क दिवस**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़/मूक पत्रिका**

जिले में होली के दिन आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रय पर सख्त कार्यवाही एवं शुष्क दिवस का पालन करेंगे। कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार का विवाद या शांति भंग की स्थिति पर रोकथाम करेंगे। संबंधित तहसीलदार एवं थाना प्रभारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। यातायात सुरक्षा अंतर्गत नशे की हालत में वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, तीन सवारी बैठना और बिना हेलमेट वाहन चलाना एवं मुखौटा लगाकर धूमना प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र में वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बिना अनुमति के डीजे का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। फूहड़, भड़काऊ एवं धर्म विशेष पर टिप्पणीकारी गीतों पर रोक रहेगी। आपातकालीन सेवा में स्वास्थ्य विभाग आपातकालीन स्थिति हेतु तैयार रहे। अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) और पानी के टैंकरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बुनियादी सुविधा अंतर्गत त्यौहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। होली व होलिका दहन से शासकीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचे यह ध्यान रखना होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पुलिस गश्त लगाई जाएगी। सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान जैसे क्षेत्रों में असामाजिक गतिविधियों को रोकने हेतु बैरिकेटिंग की जाएगी।

# होली-रमजान को लेकर सर्व समाज समिति कुसमी की अहम बैठक, बस स्टैंड के कार्यक्रम अन्यत्र कराने का निर्णय

**आवेदन बनाकर संबंधित विभाग को कराया जाएगा अवगत, भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील**

**कुसमी (बलरामपुर)/मूक पत्रिका**



बीते रविवार को सर्व समाज समिति कुसमी, जिला बलरामपुर (छत्तीसगढ़) की महत्वपूर्ण बैठक तीनों अध्यक्षों की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शिवनंदन गुप्ता, हाजी मोबिन अली और पवन साय सोनवानी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आगामी होली एवं रोजा रमजान-ईद को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी समाज के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए निर्णय लिया कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाया जाएगा। बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण विषय सामने आया, जिसमें कुसमी बस स्टैंड एवं उसके आसपास आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को अन्य उपयुक्त स्थान पर व्यवस्थित कराने पर सहमति बनी। इस संबंध में आवेदन तैयार कर संबंधित विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया गया, ताकि व्यवस्था सुचारू और शांतिपूर्ण बनी रहे। बैठक में सर्व समाज के अध्यक्षों सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्षों ने सभी सदस्यों से समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की तथा बताया कि आगामी बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी, इसलिए सभी समाज के अधिक से अधिक लोग उपस्थित रहें।

# सारंगढ़ के होटल और दुकान में खाद्य सुरक्षा टीम ने की जांच, अत्यधिक रंग युक्त खाद्य पदार्थों से बचने की अपील

**खाद्य सामग्री ख़रीदते समय उसके लेबल, निर्माण तिथि और उपयोग अवधि अवश्य जाँचने की दी सलाह**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़/मूक पत्रिका**



होली एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए ज़िले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जाँच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार विभिन्न मिठाई व किराना दुकानों और खाद्य विनिर्माण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। विभागीय टीम की ओर से सारंगढ़ के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया इस दौरान मिठाईयों और बेसन, सूजी और अन्य खाद्य सामग्री जैसे विभिन्न प्रकार के दालों के नमूने जाँच के लिए संग्रहित किए गए। कमी पाए जाने पर फर्म संचालकों को नोटिस दिया गया है तथा सुधार के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से खुले और अत्यधिक रंग युक्त खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की है। खाद्य सामग्री ख़रीदते समय उसके लेबल, निर्माण तिथि और उपयोग अवधि अवश्य जाँचने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की गुणवत्ता संबंधित शिकायत होने पर विभाग को सूचित करने का आग्रह किया गया है ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। विभागीय टीम में अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य और वरुण पटेल उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने ग्राम माटरा में किया श्रमदान, सामाजिक सेवा और अनुशासन की पेश की मिसाल





**बेमेतरा/साजा /मूक पत्रिका**



अलाउंस पब्लिक सैनिक स्कूल, बेमेतरा के कैडेट्स ने ग्राम माटरा में 'श्रमदान' कर अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया। प्राचार्य नीतू सिंह और शिक्षक पाल सर के नेतृत्व में पहुंचे कैडेट्स ने गांव के क्रिकेट मैदान की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

### स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन और किट वितरण

सफाई अभियान के पश्चात प्राचार्य नीतू सिंह ने माटरा स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल किट वितरित की। इस दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए निरंतरता, धैर्य और अनुशासन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि देश सेवा और समाज सेवा सर्वोपरि है और बच्चों को भविष्य में सेना (ह्द्ध4) जॉइन कर राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

### नारी शक्ति का संगम

इस आयोजन में प्राचार्य नीतू सिंह और ग्राम सरपंच गायत्री वर्मा ने एक साथ मिलकर 'नारी शक्ति' की एक ड्ढ4 शानदार मिसाल पेश की। गौरतलब है कि प्राचार्य नीतू सिंह के पति सेना में कर्नल हैं, वहीं सरपंच गायत्री वर्मा के सुपुत्र आईआईटी मद्रास के बाद वर्तमान में लंदन में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। दोनों ने अपनी उपलब्धियों से ग्रामीणों और बच्चों को प्रेरित किया।

### लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने दी प्रेरणा

ग्राम माटरा निवासी सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने भी इस अवसर पर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है और जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। कैडेट्स द्वारा लगाए गए 'जय हिंद' के नारों से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

### सहयोग और उपस्थिति

कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच गायत्री वर्मा, माटरा स्कूल के प्राचार्य रतिकांत चौहान, शिक्षक अखिलेश पटेल, गंगाधर साहू, चन्द्रशेखर शिहोर और ग्रामीण दिनेश वर्मा, विवेक वर्मा, मोरज वर्मा, राम ठाकुर सहित अलाउंस पब्लिक स्कूल के स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

**गांव-गांव जनसंवाद, समस्याएं सुनीं, मौके पर समाधान की पहल**

# सोशल पुलिसिंग से भरोसे की नई इबारत लिख रही बीजापुर पुलिस

**बीजापुर/मूक पत्रिका**




**आशीष पदमवार।** भोपालपट्टनम क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली अब सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं रही। सोशल पुलिसिंग के जरिए पुलिस ग्रामीणों के बीच पहुंचकर संवाद और सहयोग का नया माहौल बना रही है। गांवों में बैठकों के जरिए लोगों की समस्याएं सीधे सुनी जा रही हैं और उनके समाधान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन और उप पुलिस अधीक्षक घनश्याम कामड़े के मार्गदर्शन में बारेगुड़ा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पेटा गोगड़ा, रेड्डीपल्ली और सकनापल्ली में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 200 ग्रामीण मौजूद रहे।बैठक में ग्रामीणों ने अपनी रोजमर्रा की समस्याएं खुलकर रखीं। पुलिस टीम ने उन्हें ध्यान से सुना और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। बारेगुड़ा में स्थापित मोबाइल टॉवर के बंद रहने का मुद्दा भी सामने आया। इस पर थाना प्रभारी ने संबंधित विभाग को मामला भेजकर जल्द समाधान कराने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान नक्सल उन्मूलन अभियान, टोनही प्रताड़ना, साइबर जागरूकता और बुनियादी सुविधाओं जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। पुलिस ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। ग्रामीणों ने इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि अब वे अपनी बात सीधे पुलिस तक पहुंचा पा रहे हैं। सोशल पुलिसिंग के जरिए सुरक्षा के साथ-साथ विश्वास और सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिल रही है। इलाके में इसे पुलिस और जनता के बीच बढ़ते सहयोग की नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2026 में 5.67 लाख यूनिट बिक्री के साथ मजबूत वृद्धि दर्ज की

**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने फरवरी 2026 में कुल 5,67,351 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 5,13,190 यूनिट घरेलू बाजार में और 54,161 यूनिट निर्यात के रूप में शामिल हैं। कंपनी ने फरवरी 2025 की तुलना में 34% की सालाना (YOY) वृद्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एचएमएसआई के उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत मांग को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025–26 (अप्रैल 2025 से फरवरी 2026) की वर्ष–से–तारीख (YTD) अवधि के दौरान, एचएमएसआई ने कुल 58,20,556 यूनिट की बिक्री दर्ज की। इसमें 52,37,169 यूनिट घरेलू बिक्री और 5,83,387 यूनिट निर्यात शामिल हैं।

**फरवरी 2026 में एचएमएसआई की प्रमुख उपलब्धियां:** सड़क सुरक्षा: सबके लिए सुरक्षा के अपने विज़न के अनुरूप, एचएमएसआई ने अजमेर, पुणे, नासिक, नारनौल, वडोदरा, हिसार, गोरखपुर, कटिहार, औरंगाबाद, मैंगलोर, छिंदवाड़ा और कोच्चि सहित देशभर के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा अभियान आयोजित किए। इन पहलों के माध्यम से जिम्मेदार राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा दिया गया और सुरक्षित सड़कों के लिए सामुदायिक जागरूकता को मजबूत किया गया।

एचएमएसआई ने ग्वालियर, कोच्चि, आगरा और मदुरै में सड़क सुरक्षा सम्मेलनों का भी आयोजन किया, जिसमें प्राचार्यों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसका उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही सुरक्षित सड़क व्यवहार की आदत विकसित करना था। साथ ही, एचएमएसआई ने चेन्नई और जयपुर स्थित अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों की वर्षगांठ मनाई, जो राइडर शिक्षा और सुरक्षित राइडिंग व्यवहार को बढ़ावा देने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेटवर्क विस्तार: होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने तिनसुकिया में एक नए अधिकृत डीलरशिप का उद्घाटन कर अपने नेटवर्क को और मजबूत किया। विशेष रूप से प्रशिक्षित सेल्स और सर्विस टीम के साथ यह डीलरशिप ग्राहकों को व्यक्तिगत और बेहतर सेवा प्रदान करेगी, जिससे एचएमएसआई की ग्राहक–केंद्रित मोबिलिटी समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता और सुदृढ़ होगी।

## सैमसंग इंडिया ने अपना सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स4 प्रो लॉन्च किया; प्री–ऑर्डर आज से शुरू

**नईदिल्ली।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 आज से प्री–ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं। ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई–फाई ऑडियो और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फिर से परिभाषित करते हैं। गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ शानदार साउंड क्वालिटी और कम्प्यूटेशनल तरीके से तैयार की गई फिटिंग का एक बेजोड़ मेल है। पहली बार, बड्स4 प्रो में ज़्यादा चौड़ा वूफर, बेहतर ऐक्टिव नॉइस कैंसिलेशन और बेहतर एडेप्टिव इक्वलाइज़र दिया गया है, जिससे आवाज़ मूल रिकॉर्डिंग जैसी शुद्ध सुनाई देती है। इसमें,द्ध का गहरा इस्तेमाल सैमसंग की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसके तहत ईयरबड्स को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि लोग दिन भर कैसे सुनते हैं, कैसे चलते–फिरते हैं और कैसे रहते हैं। बेहतर स्थिरता और दिनभर के आराम के लिए ऑप्टिमाइज्ड कम्प्यूटेशनल डिज़ाइन बड्स4 सीरीज़ के साथ, सैमसंग ने नए ब्लेड डिज़ाइन को पेश किया है। यह एक बड़ी कम्प्यूटेशनल उपलब्धि है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के कानों के डेटा पॉइंट्स और 10,000 से अधिक सिमुलेशन पर आधारित है। बड्स4 सीरीज़ में एक अल्ट्रा–स्लीक और एर्गोनॉमिक फिट दिया गया है, ताकि उपयोगकर्ताओं को अधिक आरामदायक अनुभव मिले। नया स्टेबलाइज़्ड ब्लेड प्रीमियम मेटल फिनिश के साथ आता है और इसमें एक उत्कीर्ण पिंच कंट्रोल एरिया है, जिससे यूज़र्स आसानी से कंट्रोल ढूंढकर सेटिंग्स को एडजस्ट कर सकते हैं। इसके साथ ही, नया पारदर्शी क्लैमशेल–टाइप केस स्टोरेज और चार्जिंग को सुविधाजनक बनाता है, जबकि ब्लेड डिज़ाइन एक स्टाइलिश और उच्च–गुणवत्ता वाला सुनने का अनुभव प्रदान करता है।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का आतंक?

## सुरक्षा बलों पर अपहरण-हत्याओं के आरोप, मानवाधिकार संगठन ने खोली पोल



**बलूचिस्तान, एजेंसी।** जनवरी में बलूचिस्तान में मानवाधिकार उल्लंघन लगातार बढ़े हैं। बलूचिस्तान मानवाधिकार परिषद (एचआरसीबी) के अनुसार, 107 लोग जबरन गायब किए गए और 78 की हत्या हुई। पाकिस्तान की फ्रंटियर कॉर्प्स सबसे अधिक मामलों में शामिल रही। विभिन्न जिलों में अपहरण और हत्याओं की घटनाएं दर्ज हुईं।

बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के बढ़ते अत्याचारों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने कहा कि जनवरी में 107 लोगों को जबरन गायब किया गया और 78 की हत्या की गई। अपनी ताजा रिपोर्ट में बलूचिस्तान मानवाधिकार परिषद (एचआरसीबी) ने 107 जबरन गुमशुदगी के मामलों को दर्ज किया, जिनमें एक महिला भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, दर्ज 107 मामलों में से 78 लोगों को घरों पर छापेमारी के दौरान अगवा किया गया, जबकि 29 को दूसरे तरीकों से हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट में कथित जिम्मेदार पक्षों के संदर्भ में कहा गया कि पाकिस्तान की फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) 56 मामलों के साथ सबसे अधिक अपहरण में शामिल रही। इसके बाद खुफिया एजेंसियां 32 मामलों में, आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) 12 मामलों में और पाकिस्तान समर्थित डेथ स्क्वॉड सात घटनाओं में शामिल बताए गए।

### जिलेवार आंकड़े क्या हैं?

जिलों के अनुसार, केच में सबसे अधिक 28 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद क्वेटा में 20 मामले सामने आए। ग्वादर और पंजगुर में क्रमशः 17 और 14 अपहरण दर्ज किए गए। इसके अलावा, खारान में नौ, खुजदार में छह, कराची में चार, हब और आवारान में तीन-तीन, डेरा बुगती में दो और मस्तुंग में एक मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में बलूचिस्तान भर में कुल 78 हत्याएं दर्ज की गईं, जिनमें 77 पुरुष और एक महिला शामिल थे। 44 पीड़ितों की पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी। एचआरसीबी ने कहा, दर्ज 78 मामलों में कथित मुठभेड़ सबसे अधिक रहीं, जिनकी संख्या 41 थी। इसके बाद 15 फर्जी मुठभेड़ के मामले सामने आए। ड्रोन हमलों में आठ लोगों की मौत हुई, जबकि टारगेट किलिंग और हिरासत में मौत के छह-छह मामले दर्ज किए गए। ऑनर किलिंग सबसे कम रहीं, जिनके दो मामले सामने आए।

**पाकिस्तानी सेना सबसे अधिक जिम्मेदार:** रिपोर्ट में पाकिस्तानी सेना को 41 घटनाओं के साथ सबसे अधिक जिम्मेदार बताया गया। सीडीटी 13 मामलों में और फ्रंटियर कॉर्प्स 11 मामलों में शामिल रही, जबकि डेथ स्क्वॉड और अज्ञात हमलावरों को पांच-पांच घटनाओं से जोड़ा गया।

**बलूच यकजहती कमेटी ने क्या कहा?:** इसी बीच, मानवाधिकार संगठन बलूच यकजहती कमेटी (बीवाईसी) ने शुक्रवार को कहा कि बलूचिस्तान का अत्यधिक सैन्यीकरण किया गया है और पाकिस्तानी सैन्य चौकियां न केवल राजमार्गों पर बल्कि प्रांत के प्रमुख शहरों के भीतर भी स्थापित की गई हैं। बीवाईसी ने कहा, कोई भी व्यक्ति स्वतंत्र रूप से आवाजाही नहीं कर सकता। सैन्य चौकियों पर डराना–धमकाना, अपमान और जबरन गुमशुदगियां आम हैं। सैन्य छापेमारी रोजाना जारी है। सैन्य बल घरों में घुस जाते हैं, स्थानीय आबादी को परेशान और प्रताड़ित करते हैं, कीमती सामान लूट लेते हैं और घरों को तोड़ देते या जला देते हैं।

## खगोलीय घटना: आसमान में दिखेगा अद्भुत नजारा, एक कतार में नजर आएंगे सौरमंडल के छह ग्रह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** शनिवार को आसमान में एक दुर्लभ खगोलीय घटना देखने को मिलेगी, जब सौरमंडल के छह ग्रह (बुध, शुक्र, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून) सूर्यास्त के बाद एक ही कतार में दिखाई देंगे। यह प्लेनेटरी परेड भारत सहित दुनिया भर से देखी जा सकेगी। आसमान में शनिवार को एक अदभुत खगोलीय घटना का नजारा दिखाई देगा। इसमें सूर्यास्त के बाद सौरमंडल के छह ग्रह एक ही कतार में नजर आएंगे। यदि आसमान साफ रहा, तो भारत सहित दुनिया भर के लोग इस खगोलीय घटना के गवाह बन सकेंगे। खगोल विज्ञान की भाषा में प्लेनेटरी परेड तब होती है जब कई ग्रह सूर्य के एक ही ओर एक कतार में दिखाई देते हैं। हालांकि, अंतरिक्ष में ये ग्रह वास्तव में एक सीधी रेखा में नहीं होते, लेकिन पृथ्वी से देखने पर वे ग्रहण वृत्त के साथ एक-दूसरे के बेहद करीब और संरेखित लगते हैं। इस बार इस परेड में बुध, शुक्र, बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हो रहे हैं। यह अदभुत दृश्य 28 फरवरी को सूर्यास्त के लगभग 30 मिनट बाद होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, दर्शकों को पश्चिमी दिशा की ओर देखना चाहिए। भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोग अपने घरों की छतों या किसी खुले मैदान से इसे देख सकते हैं।

**सबसे चमकीला नजर आएगा शुक्र ग्रह:** शुक्र ग्रह पश्चिमी क्षितिज के पास सबसे चमकीला नजर आएगा। शुक्र और बुध क्षितिज के काफी करीब होंगे, जबकि शनि, नेपच्यून, यूरेनस और बृहस्पति उनसे ऊपर की ओर एक क्रम में दिखाई देंगे। इस महीने मंगल ग्रह दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसे छह–ग्रह संरेखण कहा जा रहा है।

**इन ग्रहों के लिए होगी टेलीस्कोप की जरूरत:** यूरेनस और नेपच्यून को देखने के लिए दूरबीन या टेलीस्कोप की आवश्यकता होगी। ग्रह और तारे में अंतर: ग्रहों की पहचान करने का सबसे आसान तरीका यह है कि तारे टिमटिमाते हैं, जबकि ग्रह स्थिर रोशनी के साथ चमकते हैं।

## पाकिस्तान के सूचना मंत्री का अफगान तालिबान पर सीमा पार आतंकवाद बढ़ाने का आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति जारी है। दोनों देशों की तरफ से जवाबी हमलों के साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। अमर उजाला के इस लाइव ब्लॉग में पढ़ें पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष से जुड़े सभी अपडेट्स सबसे पहले ... पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल में भड़की भीषण झड़पों के बीच संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने तुरंत संघर्ष विराम की अपील की है। पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों के बीच हिंसा के बढ़ते स्तर पर गहरी चिंता जताई। उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हो रही हिंसा और उससे आम नागरिकों पर पड़ रहे असर को लेकर बेहद चिंतित हैं। प्रवक्ता के अनुसार, महासचिव ने तत्काल शत्रुता समाप्त करने का आह्वान किया है और दोनों पक्षों से अपील की है कि वे अपने मतभेदों को बातचीत और कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाएं।

इस वीडियो में पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांतों में किए गए हवाई हमलों के दृश्य दिखाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी तनाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा मैं जरूर हस्तक्षेप कर सकता था, लेकिन मेरा पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छा तालमेल है। उनके पास एक बेहतरीन



प्रधानमंत्री, एक शानदार जनरल और एक महान नेता हैं। ये ऐसे लोग हैं जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूं। पाकिस्तान वर्तमान में बेहद अच्छे प्रदर्शन कर रहा है। पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि वह अफगानिस्तान के साथ खुली जंग में है।

यह बयान तब आया जब इस्लामाबाद के अनुसार, अफगान तालिबान द्वारा सीमा पार हमले के जवाब में पाकिस्तानी सेना ने हवाई हमलों में 270 से अधिक तालिबान लड़ाकों को मार गिराया और 400 से अधिक को घायल कर दिया। दूसरी ओर, अफगानिस्तान के तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने दावा किया कि अफगान बलों ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और पाकिस्तान के भीतर महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अफगान तालिबान ने गुरुवार देर रात सीमा के पास कई चौकियों पर हमला किया था, जिसका उद्देश्य कथित तौर पर रविवार को अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों का बदला लेना था। इसके जवाब में, पाकिस्तान ने शुक्रवार तड़के ऑपरेशन गज़ब अल हक के तहत काबुल, कंधार और पक्तिया में लक्ष्यों को निशाना बनाया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने अफगान तालिबान शासन पर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह शासन गुलामी को संस्थागत बनाता है और महिलाओं व अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उन्मूलन का ताना-बाना बुनता है। मंत्री ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान द्वारा हाल ही में किए गए अकारण हमलों का पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप हमलावरों को निष्क्रिय कर दिया गया और कई दुश्मन चौकियों पर कब्जा कर लिया गया।

## ट्रंप ने एंथ्रोपिक को दिखाया बाहर का रास्ता, सैम ऑल्टमैन के ओपन एआई की पेंटागन में एंट्री

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस समझौते से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और अन्य अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर एंथ्रोपिक की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कंपनी शुक्रवार की समय सीमा तक अपनी एआई तकनीक का सेना को अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति देने में विफल रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा, हमें इसकी जरूरत नहीं है, हम इसे नहीं चाहते हैं, और हम उनके साथ दोबारा कभी व्यापार नहीं करेंगे! अमेरिकी एआई कंपनी ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत उसके एआई मॉडल रक्षा एजेंसी के क्लासिफाइड नेटवर्क में तकनीकी सुरक्षा उपायों के साथ इस्तेमाल किए जाएंगे। ऑल्टमैन ने कहा कि कंपनी के दो सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा सिद्धांत घरेलू स्तर पर सामूहिक निगरानी पर रोक और बल प्रयोग की जिम्मेदारी मनुष्यों के हाथ में रखने से जुड़े हैं, जिनमें स्वायत्त



हथियार प्रणालियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत इस समझौते का हिस्सा बनाए गए हैं।

केवल क्लाउड नेटवर्क पर होगी तैनाती

ऑल्टमैन ने कहा, हम अपने मॉडलों के सही ढंग से काम करने को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सुरक्षा उपाय भी बनाएंगे, जैसा कि युद्ध विभाग भी चाहता था। हम अपने मॉडलों की सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फाइनल डेवलपमेंट ऑथेंटिकेशन तैनात करेंगे, और इन्हें केवल क्लाउड नेटवर्क पर ही तैनात करेंगे। हम युद्ध विभाग से अनुरोध कर रहे हैं कि वह सभी AI कंपनियों को यही शर्तें प्रदान करे, जिन्हें हमारे विचार से सभी को स्वीकार करना चाहिए।

## बोलिविया में नोटों से भरा सेना का विमान हाईवे पर क्रैश: 15 लोगों की मौत

**बोलिविया, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश बोलिविया में हुए एक विमान हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है और कई लोगों के घायल होने की सूचना है। बोलिवियन वायुसेना का विमान नोटों से भरा था और उड़ान भरने के बाद क्रैश होकर हाईवे पर जा पहुंचा। इसके बाद कई गाड़ियों की टक्कर भी विमान से हुई। बोलिविया की राजधानी ला पाज के पास शुक्रवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। एक मालवाहक (कार्गो) विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने दी है। यह हादसा उस समय हुआ जब विमान रनवे से फिसलकर पास के शहर एल आल्टो की एक हाईवे पर जा घुसा। वहां चल रही कई गाड़ियों को उसने टक्कर मार दी। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 15 वाहन इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे विमान में सवार थे या सड़क पर मौजूद गाड़ियों में थे।

**बोलिविया वायुसेना का हरक्यूलिस विमान क्रैश:** बताया जा रहा है कि यह विमान बोलिविया वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था, जो देश के केंद्रीय बैंक से नए छपे नोट दूसरे शहरों में ले जा रहा था। हादसे के बाद विमान में आग लग गई, लेकिन दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**हाईवे पर बिखरे नोट और विमान के मलबा:** सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सड़क पर विमान का मलबा, पूरी तरह तबाह गाड़ियां और बिखरे हुए नोट दिखाई दे रहे हैं। बड़ी मात्रा में नकदी एयरपोर्ट के बाहर फैल गई थी, जिसे उठाने के लिए सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को दंगा-रोधी उपकरणों का इस्तेमाल करना पड़ा। इस गंभीर हादसे के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## मां-बेटी की हत्या कर दामाद पर भी धारदार हथियार से हमला

### पुलिस की गोली से हत्यारा ढेर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** फेयरफैक्स काउंटी पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, अमेरिका के फेयरफैक्स काउंटी में सोमवार सुबह एक आदमी ने अपनी ही पत्नी और बेटी का कत्ल कर दिया। आदमी ने अपने दामाद को भी मारने की कोशिश की।

फेयरफैक्स में 54 साल के छत्र थापा नाम का शख्स जैसे ही पत्नी और बेटी को मारने के बाद अपने दामाद पर धारदार हथियार से हमला कर रहा था, तब पुलिस ने उसे गोली मार दी और वो वहीं मर गया।

### पिता ने ही किया मां-बेटी का कत्ल

फेयरफैक्स काउंटी पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, ऑफिसर सुबह करीब 5 बजे पर्सिमन ड्राइव के 3900 ब्लॉक में एक रिपोर्टेड हमले की सूचना पर पहुंचे।

पुलिस ऑफिसर ने अपार्टमेंट के बाहर एक महिला को धारदार हथियार से हमला होने के बाद खून से लथपथ तड़पते हुए देखा। घर के अंदर एक और महिला को भी घायल पाया गया।

पुलिस ने बताया कि उन्हें फेयरफैक्स का 54 साल का छत्र थापा हथियार लिए हुए और एक दूसरे आदमी पर हमला कर रहा था। जब ऑफिसर पहुंचे तो छात्र थापा अपने दामाद पर हमला कर रहा था।

पुलिस ऑफिसर ने बताया कि उन्होंने आरोपी से अपना हथियार नीचे रखने के बार-बारऑर्डर दिए, जब उसने बात नहीं मानी तो एक ऑफिसर ने गोली चला दी। फेयरफैक्स काउंटी पुलिस ने उन लोगों की पहचान कर ली है जो इस हिंसा में शामिल थे।

दामाद ने ससुर को हत्या करते देखा

फेयरफैक्स काउंटी पुलिस चीफ केविन डेविस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया, आरोपी छत्र थापा को मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उनकी पत्नी बिंदा थापा (52) और बेटी ममता थापा (33) को लोकल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

चीफ डेविस ने कहा कि दामाद बाहर एक कार से





बर्फ हटा रहा था, तभी उसने अपार्टमेंट के अंदर से शोर सुना और 911 पर कॉल मिला दिया। डेविस ने बताया कि दामाद ने अपने ससुर को अपने परिवार को मारते हुए एक देखा था।

पुलिस के मुताबिक, आदमी ने अपने ससुर को अपनी सास पर चाकू चलाने के लिए एक 10 इंच के घुमावदार खंजर का इस्तेमाल करते देखा, जिसे मीट क्लीवर जैसा बताया गया।

पुलिस के मुताबिक, दामाद को जानलेवा चोटों के साथ हॉस्पिटल ले जाया गया और वह अभी भी भर्ती है। हमले के वक्त घर के अंदर एक साल का लड़का था और उसे चोट नहीं आई और उसे चाइल्ड प्रोटेक्टिव सर्विसेज के जरिए एक परिवार के पास भेज दिया गया है।

## तानाशाह की बेटी को है खतरनाक हथियारों का शौक: शूटिंग रेंज में धड़ाधड़ दागीं गोलियां

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को बताया कि किम ने शुक्रवार को वरिष्ठ पार्टी और सैन्य अधिकारियों को 2021 में हुए पिछले वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के बाद से पिछले पांच वर्षों में उनकी प्रतिबद्धता के लिए अपने पूर्ण विश्वास और कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग उन के नेतृत्व का जश्न मनाने वाला एक सप्ताह तक सत्तारूढ़ दल का सम्मेलन चला। इसके बाद किम जोंग उन ने शीर्ष सरकारी और सैन्य अधिकारियों को नई स्नाइपर राइफलें तोहफे में दीं। राज्य मीडिया ने उनकी बेटी किम जू ऐ की एक तस्वीर को प्रमुखता से दिखाया, जिसमें वह शूटिंग रेंज में निशाना साध रही हैं। किम जोंग की बेटी की लगातार पिता के साथ मौजूदगी से यह अटकलें तेज हो रही हैं कि किम उन्हें भविष्य के नेता के रूप में तैयार कर रहे हैं। इस जश्न में किम की ताकतवर बहन किम यो जोंग की भी मौजूद रहीं, जिन्होंने हाल के वर्षों में वॉशिंगटन और सियोल के प्रति उनकी मुखर प्रवक्ता के रूप में कार्य किया है। कांग्रेस में पदोन्नति के बाद अब वह पार्टी की केंद्रीय समिति की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनका नया पद पार्टी के आंतरिक संचालन और प्रशासनिक मामलों की देखरेख करने वाली उनकी व्यापक भूमिका का संकेत देता है। सरकारी मीडिया द्वारा ली गई तस्वीरों में किम यो जोंग और अन्य शीर्ष अधिकारी किम जोंग उन द्वारा दी गई राइफलों को निशाने पर साधते हुए दिखाई दिए।

## ब्रीफ न्यूज़

### रुस के मेदवेदेव ने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप जीती

**दुबई।** रुस के दानिल मेदवेदेव ने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप का पुरुष एकल खिताब जीता है। मेदवेदेव को खिताबी मुकाबले में बिना किसी संघर्ष के ये खिताब मिल गया क्योंकि विरोधी डच खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण फाइनल से हट गए थे। ग्रीक्सपूर को आंद्रेई रुब्लेव के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में यह चोट लगी थी। यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल खिताब है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सत्र का उनका दूसरा खिताब है। यह पहली बार भी है जब इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने साल 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी रैंकिंग में 11 वें नंबर के मेदवेदेव नंबर 10 पर रहे अलेक्जेंडर बुब्लिक से केवल 45 अंक पीछे हैं, वह वहीं एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, यही इसकी खास बात है। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ्ता होने वाला है। यहां एक सप्ताह काफी अच्छा रहा। मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं। हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ ही मेदवेदेव ने सर्बिया के नोवाक जोकोविच 72 के बाद जीत के मामले में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर की बराबरी कर ली।

### सीएसके ने आईपीएल 2026 सत्र के लिए नई जर्सी पेश की

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 सत्र के लिए अपनी नई जर्सी पेश की है। फ्रेंचाइज़ी ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा सरफराज खान और आयुष म्हात्रे एक्टिंग करते हुए नजर आते हैं! इसके बाद गायकवाड़ एक बैग से पीली जर्सी निकालते हैं। इस जर्सी के पीछे धोनी का नाम लिखा होता है और उनका पसंदीदा नंबर 7 भी छपा हुआ रहता है। इसके बाद एमएस धोनी की एंट्री धमाकेदार अंदाज में होती है। वीडियो में धोनी पहले बाइक चलाते हुए नजर आते हैं। फिर उन्हें कार में देखा जाता है। अब सीएसके के प्रशंसक इस वीडियो को खासा पसंद कर रहे हैं। आईपीएल के पिछले सत्र में सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था और टीम 14 में से केवल 4 मैच पायी थी। इससे वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रही थी। इस बार टीम का लक्ष्य बेहतरर प्रदर्शन रहेगा।

### एएफसी ने महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप प्ले ऑफ मुकाबले स्थगित किये

**दुबई।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने खाड़ी में जारी संघर्ष को देखते हुए इस हफ्ते पश्चिम एशिया में होने वाले महाद्वीपीय क्लब चैंपियनशिप प्ले ऑफ मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था ने अपने एक बयान में कहा कि पश्चिम क्षेत्र में इस सप्ता होने वाले एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट राउंड आफ 16 मुकाबलों के कार्यक्रम को फिर से तय किया जाएगा। इसके तहत एफससी चैंपियंस लीग दो और एएफसी चैलेंज लीग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले भी अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिये गये हैं। अभी नई तारीखों के बारे में कोई घोषणा नहीं हुई है। इससे स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सऊदी अरब के क्लब अल नासर की एशियाई चैंपियन्स लीग की दो प्रतियोगिताएं भी स्थागित हो गयी है। वहीं आयोजकों ने कहा कि पूर्व क्षेत्र में एएफसी की सभी महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के मैच तय समय पर होंगे। एएफसी ने बयान में कहा, ''एएफसी इस तेजी से बदलते हुए माहौल पर नजर रख रहा है और सभी खिलाड़ियों, टीम, अधिकारियों और प्रशंसकों की सुरक्षा पक्की करना चाहता है।''

### जयसूर्या का इस्तीफा, बोर्ड ने नये कोच की तलाश शुरु की

**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच . सनथ जयसूर्या ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंकाई टीम लीग स्तर में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद भी सुपर-8 के सभी मैच हार गयी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने अब नये कोच की तलाश भी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि जयसूर्या जुलाई 2024 में टीम के अंतरिम मुख्य कोच बने थे। इसके बाद अक्टूबर में उन्हें पूर्णकालिक कोच बनाद दिया गया था। उनका करार इसी साल जून 2026 तक था पर टीम के लचर प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने तत्काल पद छोड़ना ही सही समझा है।

# भारत टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

## 5 मार्च को इंग्लैंड से मुकाबला होगा, वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया, संजू के नाबाद 97 रन




**कोलकाता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज (40) और जेसन होल्डर (नाबाद 37) ने अहम योगदान दिया, जबकि जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट झटके।

196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत डगमगाई। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों में 18 रन जोड़े। लेकिन, संजू सैमसन एक छोर से टिके रहे। उन्होंने सूर्यकुमार यादव 35 बॉल पर 58 रन की साझेदारी करके भारतीय पारी को संभाला।

उन्होंने तिलक वर्मा के साथ 42, हार्दिक पंड्या के साथ 38 और शिवम दुबे के साथ नाबाद 20 की साझेदारी करके भारत को जीत दिला दी। सैमसन ने रोमारियो शेफर्ड की दूसरी बॉल पर चौका लगाया।

### विंडीज ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन बनाए

एक समय 15 ओवर में कैरेबियाई टीम का स्कोर 125/4 था। टीम ने आखिरी के 5 ओवर में 70 रन बनाए। रोवमन पॉवेल और जेसन होल्डर ने 5वें विकेट के लिए 35 बॉल पर नाबाद 76 रन की अहम साझेदारी की। कप्तान शाई होप और रोस्टन चेज ने 53 बॉल पर 68 रन जोड़े।




# टी-20 वर्ल्डकप-साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया

## ग्रुप-1 के टॉप पर फिनिश किया, न्यूज़ीलैंड से पहला सेमीफाइनल



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया। टीम ने ग्रुप-1 के पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर रहते हुए फिनिश किया है। टीम 4 मार्च को कोलकाता में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहला सेमीफाइनल मैच खेलेगी।

रविवार के पहले मैच में नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। जिम्बाब्वे की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 5 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया है।

डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। सिकंदर रजा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने 73 रन की पारी भी खेली। रजा को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।




## श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी

**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान दासुना शनाका ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी है। साथ ही कहा कि भाग्य के साथ नहीं देने के कारण वह अपनी धरती पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में असफल रहे। शनाका ने कहा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ जीत सकते थे पर अंतिम क्षणों में विफल रहे। वह टीम के प्रदर्शन से भी निराश हैं, क्योंकि सात मैच इस टूर्नामेंट में श्रीलंका की टीम ने अपनी धरती पर खेले, जिनमें से वह केवल तीन ही जीत पायी। तीन मैच इसमें सुपर 8 के भी शामिल थे, जिसके कारण ही टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पायी। शनाका ने मैच के बाद कहा, बिल्कुल यह बहुत करीबी मैच था। मैं इसे फिनिश कर सकता था पर ऐसा नहीं हो पाया। पाक गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने अच्छी गेंदबाजी की। श्रीलंका की टीम के अभ्यान को लेकर कहा, यह हमारे लिए कठिन रहा है। हां, हमें कुछ चोटें आई। हमने दर्शकों को निराश किया। मैं सभी प्रशंसकों से माफी मांगना चाहता हूं, क्योंकि, आप जानते हैं हम कई खिलाड़ियों के फिट नहीं होने से हारे। भविष्य में, अगर कोई चोट नहीं लगी, तो मुझे लगता है कि यह टीम बहुत अच्छा करेगी। हमें वानिंदू हसरंगा और पथिराना की कहा, उनकी कमी खली। विश्व कप के समय, आप जानते हैं, हमें अपने खिलाड़ियों की यहां जरूरत होती है और यह हमारी ताकत है। हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये अच्छा है। वहीं आलोचकों के भड़कने पर शनाका ने कहा, कभी-कभी खिलाड़ी होने के नाते, हम भी दबाव महसूस करते हैं। ऐसे में यह मेरी गलती थी। मैं सभी प्रशंसकों को निराश करने के लिए माफी चाहता था। मैं वादा करूंगा कि मैं ऐसा दोबारा न करूं। उन्होंने पवन रथनायके के प्रदर्शन की भी प्रशंसा जिन्होंने सभी का ध्यान खींचा। कप्तान ने कहा, वह लगातार अच्छा कर रहा है और क्रीज का बहुत अच्छा इस्तेमाल कर रहा है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा वेलालगे ने भी अच्छा खेला है। उम्मीद है, उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

# आईसीसी ने जनवरी के प्लेयर ऑफ द मंथ का किया ऐलान डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला सम्मान






**दुबई।** आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया। डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फॉर्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

# मुंबई क्रिकेट ने महिला टी-20 लीग की शुरुआत

## 1 से 15 जून के बीच आयोजन की तैयारी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने महिला टी-20 मुंबई लीग की शुरुआत कर दी है। मेंस की टी-20 मुंबई लीग की तर्ज पर होने वाली इस फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता के लिए 3 टीमों की बिक्री से को एसोसिएशन 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। लीग का आयोजन 1 से 15 जून के बीच हो सकता है।

**कुल 7 मुकाबले खेले जाएंगे**

महिला लीग में कुल 7 मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें तीन आइकन खिलाड़ी शामिल होंगी, जिनमें जेमिमा रोड्रिग्स, सायमा ठाकोर और सयाली सतघरे के नाम प्रस्तावित हैं। हालांकि इनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला होगा। यह लीग सिर्फ मुंबई की महिला क्रिकेटरों के लिए होगी। MCA खिलाड़ियों की नीलामी भी कराने की तैयारी में है।

MCA अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि बोली प्रक्रिया को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इससे मुंबई में महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने की उनकी योजना को मजबूती मिली है।

## पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान कादिर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के टी20 विश्वकप 2026 से बाहर होते ही टीम के स्पिनर उस्मान कादिर ने टीम को सेवाएं देने के लिए संन्यास छोड़कर मैदान में वापसी की घोषणा की है। कादिर ने साल 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वहीं अब उन्होंने कहा है कि वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। । कादिर ने संन्यास से वापसी की घोषणा सोशल मीडिया पर भी साझा की है। इस स्पिनर ने सोशम मीडिया में लिखा,'ऑस्ट्रेलिया में लीग क्रिकेट में ससफल समय के बाद, मैंने खेल में वापसी का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मेरा समय बहुत बदलाव लाने वाला था।

## हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 185 रन से हराया, सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया



**होबॉर्ट।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला टीम को वनडे सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। आखिरी मुकाबले में कप्तान एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे में 98 गेंद पर 158 रन बनाकर टीम को 409 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन ही बना सकी और 185 रन से मैच हार गई।

हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी ODI मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका की जोहमारी लॉटेगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था।

**हीली ने 27 चौके और 2 सिक्स लगाए**

होबॉर्ट के बेलरिव ओवल में खेले गए इस मुकाबले में टॉस भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जीता। हीली के आखिरी वनडे की वजह से मैच की शुरुआत खास माहौल में हुई। भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शुरुआत में रेणुका सिंह ने मेडन ओवर डाला, लेकिन इसके बाद हीली ने तेजी से रन बनाना शुरू कर दिया। हीली ने 49 गेंद में फिफ्टी पूरी की और 79 गेंद में शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 27 चौके और 2 छक्के लगाए। 100 से 150 रन तक पहुंचने में उन्हें सिर्फ 16 गेंद लगीं। वह वनडे में दो बार 150 से ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी बनीं। 13.3 ओवर बाकी रहते वह 158 रन बनाकर आउट हुईं।

**मूनी ने 106 रन बनाए**

हीली के साथ बेथ मूनी ने भी शानदार बल्लेबाजी की। मूनी ने 84 गेंद पर नाबाद 106 रन बनाए। यह उनका छठा वनडे शतक रहा। दोनों के बीच 145 रन की साझेदारी हुई। निकोला कैरी ने अंत में 15 गेंद पर नाबाद 34 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। भारत की स्नेह राणा ने 2 विकेट लिए, लेकिन श्री चरणी सहित तीन गेंदबाजों ने 80 से ज्यादा रन दिए।

**भारत की शुरुआत खराब रही**

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही। दूसरे ओवर में निकोला कैरी ने स्मृति मंधाना को शून्य पर आउट कर दिया। प्रतिका रावल और जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज 54 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। जेमिमा ने 29 गेंद पर 42 रन बनाए। 20 ओवर के अंदर भारत के चार बड़े विकेट गिर गए। इसके बाद अलाना किंग ने रिचा घोष और काशवी गौतम को आउट कर मैच पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में कर दिया। किंग ने 4 विकेट लेकर 33 रन दिए। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने 63 रन की साझेदारी कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया, लेकिन टीम जीत से काफी दूर रह गई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की।

**जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान**

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

# सिंधु दुबई एयरपोर्ट पर फंसी, सोशल मीडिया में साझा किया वीडियो



**दुबई।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हुए सघर्ष में के कारण कई भारतीय भी खाड़ी देशों में फंस गये हैं। भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु के भी दुबई एयरपोर्ट पर फंसे होने की बात सामने आई है। सिंधु ऑल इंग्लैंड बैडमिंटनर में भाग लेने के लिए रवाना हुई थीं पर खाड़ी में युद्ध शुरु होने के कारण उड़ानें बीच में ही बाधित हो गयी थीं। सिंधु ने सोशल मीडिया पर कहा कि एयरपोर्ट परिसर के नजदीक एक धमाका हुआ, जिससे वहां मौजूद सभी लोग डर गये थे। जिस स्थान पर वह और उनकी टीम ठहरी हुई थी, उसके काफी करीब धमाका। धुएं और मलबे के कारण उनके कोच को तुरंत उस क्षेत्र से बाहर निकलना पड़ा। सिंधु ने इसे बेहद तनावपूर्ण और भयावह अनुभव बताया। उन्होंने लिखा कि हालात हर घंटे के साथ ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। बाद में एयरपोर्ट प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों की सहायता से सिंधु और उनकी टीम को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। उन्होंने इसके लिए दुबई एयरपोर्ट स्टाफ और प्रशासन के प्रयासों की भी तारीफ की है। इसके अलावा दुबई स्थित भारतीय उच्चायोग का भी आभार जताया, तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। सिंधु ने कहा कि अभी वे सभी सुरक्षित हैं और स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि हालात जल्द बेहतर होंगे जिससे वे आगे की यात्रा पूरी कर सकें।

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित

## लवलीना और निकहत संभालेंगी कमान



**नई दिल्ली।** भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है।

महिलाओं में मुख्य ज़िम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी।

महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)।

पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। उनके साथ स्पेन में स्वर्ण जीतने वाले आकाश (75 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। रजत विजेता दीपक (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और कांस्य विजेता जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। अन्य चयनित मुक्केबाजों में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) शामिल हैं।

भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप में दबाव और कौशल की कड़ी परीक्षा होती है, और टीम ऐसे मुक्केबाजों से चुनी गई है जिन्होंने बेहतर फॉर्म, अनुशासन और बड़े मंच पर प्रदर्शन की क्षमता दिखाई है। महिला टीम का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा और पुरुष टीम का आकलन सीए कटप्पा की निगरानी में किया गया। हाल ही में भारत ने स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# अमेरिका-ईरान जंग के बीच पाकिस्तान-इंग्लैंड डोमेस्टिक मैच रद्द:सुरक्षा हालात के चलते फैसला लिया गया

**कराची।** अमेरिका, इजराइल और ईरान जंग के बीच पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा वनडे रद्द कर दिया गया है। रविवार को यह मैच अबू धाबी में खेल जाना था। क्षेत्र में बिगड़ते सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आज होने वाला मुकाबला रद्द कर दिया गया है। सभी खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को होटल के अंदर ही रहने के निर्देश दिए गए हैं। आज कोई अभ्यास सत्र भी नहीं होगा।

PCB लगातार ECB के संपर्क में है और हालात पर नजर रखे हुए है। मध्य-पूर्व के हवाई क्षेत्र के दोबारा खुलने के बाद ही सीरीज के भविष्य पर फैसला किया जाएगा। इसमें यह भी तय होगा कि शाहीन्स टीम को पाकिस्तान वापस बुलाया जाए या बचे हुए मैच कराए जाएं।



### इंग्लैंड बोर्ड की सलाह पर फैसला

PCB अधिकारी ने बताया कि यह फैसला इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) की सलाह पर लिया गया। बोर्ड के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है।

### चैंपियंस लीग के फुटबॉल मैच भी टले

मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में जारी तनाव के बीच एशियन चैंपियंस लीग एलीट के मुकाबले स्थगित कर दिए गए हैं। एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने रविवार को इसकी पुष्टि की। सोमवार और मंगलवार को यूएई और कतर में राउंड ऑफ 16 के चार पहले चरण के मैच खेले जाने थे, जिन्हें अब बाद की तारीख पर कराया जाएगा।

### बेयरस्टो ने प्रधानमंत्री से सहायता मांगी, इंग्लैंड लायंस टीम के साथ आबूधाबी में फंसे

ईरान के मध्य पूर्व में हमलों से हालात खराब हैं और कई लोग फंस गये हैं। इंग्लैंड के क्रिकेटर जॉनी बेयरस्टो भी उड़ाने रद्द होने से टीम के साथ ही आबूधाबी में फंसे हुए हैं। बेयरस्टो ने इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से टीम को घर वापस ले जाने की अपील की है। वह इस समय इंग्लैंड लायंस के साथ कोच के तौर पर अबू धाबी आये हुए हैं। वहीं अबू धाबी में ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर हमले से धमाकों की आवाजें सुनी गई। इसके बाद लोगों को नजदीकी सुरक्षित इमारत में शरण लेने और मिसाइल खतरे के कारण खिड़कियों से दूर रहने की सलाह दी गयी। वहीं इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से बयान जारी किया गया: 'हमारी टीमों और स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम सुरक्षा विशेषज्ञों और सरकार के संपर्क में बने हए हैं और मध्य पूर्व में मौजूदा हालात को लेकर आधिकारिक सलाह का पालन कर रहे है। 'वहीं यह भी कहा गया कि पाकिस्तान शाहीन और इंग्लैंड लायंस के बीच रविवार, 1 मार्च को होने वाला दूसरा 50 ओवर का मैच अब नहीं खेला जाएगा।

### ईरान ने मिसाइल दागी

यह स्थिति 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद बनी। इसके जवाब में तेहरान ने खाड़ी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मिसाइल दागीं। इसके चलते कई देशों ने अपना हवाई क्षेत्र बंद या सीमित कर दिया है। ईरान ने एशियन चैंपियंस लीग के फुटबॉल मैच भी टले मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में जारी तनाव के बीच एशियन चैंपियंस लीग एलीट के मुकाबले स्थगित कर दिए गए हैं। एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन ने रविवार को इसकी पुष्टि की। सोमवार और मंगलवार को यूएई और कतर में राउंड ऑफ 16 के चार पहले चरण के मैच खेले जाने थे, जिन्हें अब बाद की तारीख पर कराया जाएगा।

# जिला सीईओ ने ग्राम रेवे का किया निरीक्षण, जल संरक्षण हेतु रिचार्ज पिट निर्माण की अपील



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती प्रेमलता पद्माकर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत बेरला विकासखंड के ग्राम पंचायत रेवे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### जल संरक्षण अभियान पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान जिला सीईओ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए रिचार्ज पिट निर्माण अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर को बनाए रखने और भविष्य में जल संकट से बचने के लिए प्रत्येक घर में रिचार्ज पिट का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने घरों में रिचार्ज पिट बनाने की अपील की। इस दौरान निर्माणाधीन रिचार्ज पिट का अवलोकन कर उसके तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

### मनरेगा कार्यों की समीक्षा, गुणवत्ता पर जोर

जिला सीईओ ने मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कार्यस्थलों की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और श्रमिकों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी ली।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया गया। जिला सीईओ ने लाभार्थियों से चर्चा कर योजना से मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

जिला सीईओ ने स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति विशेष जागरूकता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत की समस्याओं से कराया अवगत

सरपंच पिंटू सिंहा ने ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं से जिला सीईओ को अवगत कराया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अधिक से अधिक घरों में रिचार्ज पिट निर्माण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीप्ति मंडावी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आसित गोलछा, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कश्यप, तकनीकी सहायक वीरेंद्र वर्मा एवं अरुण टंडन, सरपंच पिंटू सिंहा, सचिव, रोजगार सहायक तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# किस्तों में देरी बर्दाश्त नहीं, आवास योजना पर सरकार जवाब दे: सुधीर पांडेय



**कोंटा/मूक पत्रिका**

कोंटा नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकानों की किस्तों में लगातार हो रही देरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सुधीर पांडेय ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि समय पर राशि नहीं मिलने के कारण कई हितग्राही अपने अधूरे मकान बनाने से वंचित हो रहे हैं और आर्थिक परेशानी झेलने को मजबूर हैं। वही बताया कि कोंटा नगर पंचायत में वर्तमान में कुल 152 आवास निर्माणाधीन हैं। इनमें से 63 प्रधानमंत्री आवास ऐसे हैं जो अभी फाउंडेशन लेवल पर हैं। इन हितग्राहियों को अब तक केवल एक ही किस्त मिली है और वे पिछले पांच महीनों से दूसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। राशि नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य ठप पड़ा है।

वहीं 59 आवास ऐसे हैं जो लिंटर लेवल तक पहुंच चुके हैं। इन हितग्राहियों को दो किस्त मिल चुकी है, लेकिन अगली किस्त जारी नहीं होने से आगे का काम रुक गया है। इसके अलावा 30 आवास स्लैब या रूफ लेवल तक पहुंच चुके हैं, लेकिन इनका भी भुगतान लंबित है। छत डालने के बाद भी राशि नहीं मिलने से हितग्राही कर्ज और उधारी लेकर काम चलाने को मजबूर हैं।

सुधीर पांडेय ने कहा कि प्रदेश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को लेकर नाराजगी का माहौल है। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों में एक भी नए आवास की स्वीकृति नहीं दी गई, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय स्वीकृत आवासों का भुगतान भी वर्तमान सरकार द्वारा समय पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार अपने सपनों का घर बनाने के लिए योजना पर निर्भर हैं, लेकिन किस्तों में देरी से उनका सपना अधूरा रहउ जा रहा है। कई लोग आधे बने मकानों में रहने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें बरसात और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने मांग की है कि लंबित सभी किस्तों का भुगतान शीघ्र किया जाए और नए आवासों की स्वीकृति भी तत्काल दी जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# सत्य की हुई जीत – अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की रिहाई पर बलरामपुर में आप कार्यकर्ताओं में उत्साह

### जिला महासचिव शकील अंसारी बोले – न्यायालय के फैसले से लोकतंत्र में विश्वास मजबूत, सदस्यता अभियान को मिलेगी नई रफ्तार



**बलरामपुर /मूक पत्रिका**

आम आदमी पार्टी, जिला बलरामपुर (छत्तीसगढ़) की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी के जिला महासचिव (संगठन) एवं कुसमी वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद शकील अंसारी ने शीर्ष नेतृत्व को मिली राहत पर खुशी जताते हुए इसे ÷सत्य की जीत÷ बताया है। शकील अंसारी ने कहा कि न्यायालय के फैसले से अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को मिली राहत ने लोकतंत्र और संविधान में जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अंततः सच्चाई की जीत हुई है और न्यायपालिका के इस निर्णय का पार्टी भव्य स्वागत करती है।

उन्होंने कहा कि इस फैसले से बलरामपुर जिले सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। पार्टी अब संगठन विस्तार के कार्य को और अधिक गति से आगे बढ़ाएगी।शकील अंसारी ने इसे ÷जनता की जीत÷ बताते हुए कहा कि यह उन लोगों की जीत है जो दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल पर भरोसा रखते हैं। उन्होंने कहा, ÷सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं।÷उन्होंने जानकारी दी कि 25 फरवरी से छत्तीसगढ़ में चल रहे सदस्यता अभियान को इस फैसले के बाद नई ऊर्जा मिलेगी और अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ेंगे।

# बेमेतरा में मां भद्रकाली जिला मानस संघ का भव्य होली मिलन व समीक्षा बैठक सम्पन्न



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वावधान में 01 मार्च को किसान भवन बेमेतरा में भव्य बैठक एवं होली मिलन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के पूजन-अर्चन तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय ऊर्जा से आलोकित हो उठा। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए मानस व्याख्यानमाला प्रतियोगिता के दोनों चरणों पर चर्चा की गई। प्रथम चरण चारों तहसीलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न होने तथा द्वितीय चरण का लोलेसरा में व्यापक स्तर पर आयोजन होने पर संतोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने आयोजन की गुणवत्ता, सहभागिता और भावनात्मक प्रभाव की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों को और अधिक सुव्यवस्थित, जनसहभागी एवं प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मानस व्याख्यानमाला के सफल आयोजन हेतु गुरुकृपा सेवा सत्संग समिति लोलेसरा को सम्मानित किया गया।

बैठक में संरक्षक के रूप में पधारे रीझन सेन, शिव साहू, महेंद्र सिंह चौहान, ईश्वर सिन्हा, माधोराम साहू, ईश्वर सिंह राजपूत, मेहतरु राम ध्रुव, अभ्भन सेन एवं देवलाल सिन्हा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में संघ की गतिविधियों को समाज में सांस्कृतिक जागरण का सशक्त माध्यम बताते हुए सतत सेवा, अनुशासन और संगठन विस्तार पर बल दिया।संगठन विस्तार के अंतर्गत डॉ मनीष सिन्हा ग्राम बचेड़ी को शक्ति केंद्र देवकर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं संगठन सचिव छगन लाल साहू ने वार्षिक आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।बैठक उपरांत आयोजित होली मिलन समारोह ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। नगाड़ों की थाप पर संगीतमय फाग गीतों की मधुर धुनों के बीच पारंपरिक एवं पौराणिक लोकगीतों का सामूहिक गायन हुआ। उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी सद्भाव, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उत्सव का उल्लासपूर्ण वातावरण पूरे जिले में सांस्कृतिक समरसता का संदेश प्रसारित करता रहा।कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी एवं पंजीकृत मंडलियों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नरेन्द्र जायसवाल, विष्णु साहू, डॉ. ओमकार चन्द्राकर, भीखम लाल देवांगन , चन्दु साहू, धनेश वर्मा, बाबूलाल साहू, लता निषाद, कल्याणी सेन, खेलन राजपूत, गजेन्द्र वर्मा, ओम यदु, विश्वनाथ साहू, आत्मा पटेल, विनोद साहू , अजय यादव, रवि कुमार संतोष साहू, बेबी साहू, लता निषाद, रमा साहू, ममता साहू, मनोज चक्रधारी सहित चारों तहसीलों के अध्यक्ष बिहारी लाल यादव, महेश कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू एवं श्रवण कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल एवं सुसंगठित संचालन डॉ. ओमकार चन्द्राकर एवं भीखम लाल देवांगन द्वारा किया गया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय पहुँचे औचक निरीक्षण पर बालक छात्रावास



**सारंगढ़ बिलाईगढ़ /मूक पत्रिका**

सारंगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले बालक छात्रावास बासीनबहरा में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, सभापति जिला पंचायत हरिहर जायसवाल , जिला पंचायत सदस्य बिनोद भारद्वाज, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन व सहायक आयुक्त बद्रीश सुकदेवे द्वारा बालक छात्रावास बासीनबहरा का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे छात्रों की भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा अध्ययन कक्षों व छात्रों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो इस विषय को लेकर निरीक्षण किया गया जिसमे भारी अनियमितता,पाई गई मौके पर छात्रावास अधीक्षक की अनुपस्थिति रही तथा पंजी में उपस्थित दर्ज संख्या के अनुसार बच्चों का उपस्थित नही मिली जिसमे जिला सीईओ द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए सीईओ ने सहायक आयुक्त को प्रतिवेदन सौंपा साथ हि छात्रावास अधीक्षक को निलंबन का आदेश दिया है।

# सिंघौरी स्कूल में शिक्षक एंव बच्चें मिलकर होली त्यौहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

बेमेतरा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।जिसमें बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल लगाये और आशीर्वाद लिए।संस्था प्रमुख सरस्वती साहू ने इस पर्व के बारे में बताया कि होली, हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है, जिसे फागुन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्यौहार में लोग आपस में रंग लगाते।होली का महत्व हमारे जीवन में खुशियों और मीठास को जोड़कर एक खास स्थान रखता है। यह एकता, मित्रता और भाईचारे का प्रतीक है।संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और अधर्म के अंत की याद दिलाता है, जबकि अगले दिन खेली जाने वाली रंगों की होली भगवान श्रीकृष्ण और राधा के प्रेम, समानता और आनंद का प्रतीक मानी जाती है।शिक्षकों द्वारा बच्चो को हिदायत दी गयी कि रंग गुलाल बड़ी सावधानी से खेलें एंव हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें।इस दौरान शाला में शशिकला यादव,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर,पूनम साहू,किरण खरे एंव साजन वर्मा उपस्थित रहे।

# नारायणपुर में होली की धूम, बाजार रंगों से सराबोर



**बेमेतरा/नारायणपुर/मूक पत्रिका**

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित जिले और आसपास के ग्रामीण अंचलों में होली पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 4 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा, जिसे देखते हुए बाजारों में अभी से रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर रंग-बिरंगे गुलाल, पिचकारियां और होली से जुड़े नए-नए उत्पाद सजे हुए हैं। बाजार में इन दिनों बच्चों की चहल-पहल सबसे अधिक देखने को मिल रही है। आकर्षक डिजाइन की पिचकारियां, फायर सिलेंडर की तरह चलने वाले रंग उपकरण, स्प्रे फाग और पटाखे की तर्ज पर उड़ने वाली गुलाल लोगों को खासा आकर्षित कर रही है। 10 रुपये से लेकर 200 रुपये तक की विभिन्न रेंज में पिचकारियां उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जानवरों के मुखौटे, रंगीन टोपियां और विशेष होली टी-शर्ट की भी अच्छी मांग है।दुकानदारों का कहना है कि पहले जहां लाल गुलाल की बिक्री अधिक होती थी, वहीं इस बार केसरिया रंग की मांग ज्यादा देखी जा रही है। बाजार में अलग-अलग रंगों के गुलाल और पानी में घुलने वाले सुरक्षित रंग भी उपलब्ध हैं।इस वर्ष हर्बल गुलाल की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। त्वचा को नुकसान से बचाने के लिए लोग प्राकृतिक और हर्बल रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। गांव का मुख्य बाजार पूरी तरह सज चुका है और खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों में होली को लेकर विशेष उत्साह नजर आ रहा है। वे अपने अभिभावकों के साथ दुकानों में पहुंचकर मनपसंद पिचकारी, मुखौटे और रंगों की खरीदारी कर रहे हैं। घरों में भी विशेष पकवानों और उत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

**शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों का कड़ाई से पालन करने दिए गए निर्देश**

# चखना दुकानों में शराब नहीं पिलाने के संबंध में दी गई समझाइश

### नियमों का पालन नहीं करने वालो के विरूद्ध की जाएगी सख्त वैधानिक कार्यवाही



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

आगामी होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए, पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी श्रीमती शशीकला उईके के मार्गदर्शन मे बेमेतरा पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों व अड्डेबाजी स्थलों पर सघन चेकिंग, फ्लैग मार्च और लगातार पेट्रोलिंग की जा रही हैं। साथ ही अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में आज 02 फरवरी 2026 को थाना प्रभारी थान खम्हरिया निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू सहित थाना स्टाफ द्वारा क्षेत्र की शराब दुकानों के समीप संचालित चखना दुकान लगाने वाले संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में सभी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि चखना दुकानों में किसी भी प्रकार से शराब पिलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

उन्हें समझाइश दी गई कि केवल अनुमत खाद्य सामग्री का ही विक्रय करें तथा किसी भी परिस्थिति में शराब का सेवन या सेवन कराने की अनुमति न दें। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि यदि कोई संचालक नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु लगातार निगरानी रखी जा रही है।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आशिष कुमार कंठले द्वारा कलयुग का भारत द्वारा अग्रदूत कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, भाजपा कार्यालय के पास, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 18 बाजार पारा बेमेतरा पोस्ट व जिला बेमेतरा छ.ग. पिन कोड 491335 से प्रकाशित । संपादक आशिष कुमार कंठले समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार मो. नं. 7999238079, 7828658259, समस्त विवादों का निपटारा बेमेतरा न्यायालय होगा।